

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



गुड़िया दोस्तों के साथ चली चांद के देश



हार की चोरी ........

वर्ष : 12 | अंक : 60 | लखनऊ, 21 फरवरी, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### बेकाबू ईको कार तालाब में गिरी, 4 की मौत



कानपुर। यूपी के कानपुर स्थित शिवली कल्याणपुर मार्ग पर शुक्रवार देर शाम एक ईको कार बेकाबू होकर सड़क किनारे तालाब में जा गिरी। हादसे में कार सवार 4 लोगों की मौत हो गई, वहीं 4 को सुरक्षित निकाल कर सीएचसी पहुंचाया गया, जबकि चालक लापता है। सभी औरैया के सहायल गांव से एक त्रयोदशी संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे।

### कोचिंग सेंटर में आग 90 छात्र बाल-बाल बचे



हैदराबाद। हैदराबाद में शुक्रवार सुबह एक कोचिंग सेंटर में आग लग गई। यह अमीरपेट स्थित मैत्रीवनम नाम के एक अपार्टमेंट में आग लगी, इस दौरान कुछ छात्र अंदर फंस गए थे, लेकिन दो दमकल गाड़ियां और बचाव दल मौके पर पहुंचे और छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला। फिलहाल, आग पर काबू पा लिया गया और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

### गैंगरेप के दोषियों को सुनाई फांसी की सजा




दौसा। महिला से गैंगरेप और फिर उसकी निर्मम हत्या के बहुचर्चित मामले में अदालत ने कड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में दोनों दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋतु चौधरी ने शुक्रवार को सजा सुनाई। कोर्ट ने सजा पर फैसला सुरक्षित रखा था।23 अप्रैल 2022 को जयपुर निवासी महिला अपने पीहर आ रही थी।

### पॉक्सो एक्ट में दंपती को फांसी की सजा, जुर्माना



बांदा। यहां की एक विशेष अदालत ने प्रारंभिक यौन शोषण के आरोप में दंपती को फांसी की सजा सुनाई है। इस दंपती पर 33 मासूम बच्चों के साथ घिनौनी हरकतें करने और उनकी अश्लील वीडियो व तस्वीरें विदेशों में बेचकर लाखों रुपए कमाने का गंभीर आरोप था। पीड़ित बच्चों के परिवारों को राज्य और केंद्र सरकार से 10-10 लाख रुपए की सहायता राशि देने का आदेश दिया है।

### बॉलीवुड डायरेक्टर भट्ट को जमानत



उदयपुर। 30 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में फिल्म निर्देशक विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेताम्बरी भट्ट को कोर्ट ने नियमित जमानत दे दी है और साथ ही दोनों पक्षों को मध्यस्थता के जरिए मामले को सुलझाने की सलाह दी है। 13 फरवरी को अंतरिम जमानत दी थी।

## पश्चिम बंगाल एसआईआर विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती

# हाईकोर्ट से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का निर्देश, साथ ही समन्वय भी सुनिश्चित किया जाए

## पर्याप्त 'ए' श्रेणी के अधिकारियों की नियुक्ति नहीं की

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में निर्वाचन आयोग की तरफ से कराए जा रहे एसआईआर)को लेकर उपजे विवाद के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को कई अहम निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि एसआईआर के काम में लगाए गए सीजेएम को हटाकर पुराने जजों को तलाशें।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कहा कि न्यायिक अधिकारियों को राहत दें और बंगाल में एसआईआर के काम में सहायता के लिए पूर्व न्यायाधीशों को नियुक्त करने की दिशा में काम करें। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन के लिए पर्याप्त 'ए' श्रेणी के अधिकारियों की नियुक्ति न करने का भी संज्ञान लिया। एसआईआर में न्यायिक अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच जारी गतिरोध को देखते हुए यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने समन्वय कर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने और अनुकूल कार्य वातावरण बनाने का निर्देश दिया।

**प्रक्रिया पर गतिरोध दूर किया जाए**

एसआईआर में लगाए गए सीजेएम को हटाकर पुराने जजों को तलाशें

### नियमित सुनवाई पर असर की आशंका



कोर्ट ने कहा कि बंगाल में असाधारण हालात के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। इस निर्देश से नियमित अदालतों में मामलों की सुनवाई प्रभावित हो सकती है, समय एसआईआर प्रक्रिया में लगेगा।

### भड़काऊ बयानों पर सख्त टिप्पणी

कोर्ट ने भड़काऊ और धमकी भरे भाषणों के मामलों पर भी कड़ी टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि दुर्भाग्य से ऐसे बयान अक्सर चुनाव के दौरान दिए जाते हैं और आरोप-प्रत्यारोप का माहौल दो संवैधानिक संस्थाओं- चुनाव आयोग और राज्य सरकार- के बीच भरोसे की कमी दर्शाता है। डीजीपी से हलफनामा मांगा। अगली सुनवाई मार्च में होगी।

### याचिका पर सुनवाई और पक्षकारों की दलीलें

सीएम ममता बेनर्जी की ओर से दाखिल याचिका पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने सुनवाई की। राज्य की ओर से कपिल सिब्बल ने पैरवी की।

**राज्य सरकार के रवैए पर नाराजगी**

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के रुख पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वह ईआरओ-एईआरओ के लिए योग्य अधिकारियों की व्यवस्था करने में विफल रही है।

### कोर्ट ने ये निर्देश दिए

- दावे और आपत्तियों का फैसला अब सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारी करेंगे।
- सीजेएम को हटाकर अन्य उपयुक्त न्यायिक अधिकारियों/पूर्व जजों को लगाया जाए।
- बंगाल सरकार द्वारा पर्याप्त 'ए' श्रेणी के अधिकारियों को तैनात न करने पर गंभीर नाराजगी जताई।
- चुनाव आयोग को 28 फरवरी को बंगाल की ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति दी है।
- जरूरत पड़ने पर बाद में पूरक (सप्लीमेंट्री) सूची भी जारी की जा सकती है।
- प्रशासन एसआईआर प्रक्रिया में लगे न्यायिक अधिकारियों को लॉजिस्टिक सहायता और सुरक्षा प्रदान करे।
- न्यायिक अधिकारियों की मदद के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर और राज्य सरकार के अधिकारी भी तैनात रहेंगे।
- मुख्य न्यायाधीश अधिकारियों के साथ एक बैठक करें, ताकि पूरी प्रक्रिया सुचारु रूप से चल सके।
- अदालत का आदेश माना जाए और जिला प्रशासन व पुलिस को उनका पालन करना होगा।

दुबई में बेटे की मौत और मां की गुहार

### प्रवासी मजदूर की मौत पर केंद्र से जवाब तलब

दुबई में मजदूरी करने गए बेटे की मौत के बाद उसकी पार्थिव देह भारत लाने की मांग को लेकर एक मां ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत अन्य पक्षों से जवाब मांगा है। अदालत ने नोटिस जारी किया और अगली तारीख 16 मार्च तय की है। मां ने अपने बेटे के अंतिम संस्कार के लिए उसकी देह भारत लाने की अनुमति मांगी है।

### बाबरी नाम पर मस्जिद निर्माण रोकने की मांग ठुकराई, दलील भी खारिज



सुप्रीम कोर्ट ने बाबर के नाम पर किसी भी मस्जिद के बनने या उसका नाम रखने पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने इस दलील को भी खारिज कर दिया कि ऐसी संरचनाएं एक 'क्रूर हमलावर' का सम्मान करती हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने शुक्रवार को एक थोड़ी देर सुनवाई के बाद याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

## सिलचर में गृहमंत्री शाह की हुंकार

# तीसरी बार सरकार बनाइए, हम एक-एक घुसपैठिए को निकालेंगे

सिलचर से असम विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया



सीएम हिमंता सरमा ने गृह मंत्री अमित शाह का किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश के गृह मंत्री अमित शाह ने सिलचर से असम विधानसभा चुनाव 2026 का शंखनाद करते हुए 'घुसपैठ' और 'अतिक्रमण' को मुख्य मुद्दा बना दिया है। शाह ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि पिछली सरकारों की ढुलमुल नीतियों के कारण सीमाएं सुरक्षित नहीं थीं, जिससे घुसपैठियों ने असम के युवाओं के रोजगार और गरीबों के राशन पर डाका डाला। उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कार्यकाल में हुई कार्रवाई की सराहना करते हुए स्पष्ट किया कि भाजपा का 'तीसरा कार्यकाल' भी होगा।

### घुसपैठ की आग कांग्रेस ने फैलाई, इन्हें वोट बैंक बनाया

शाह ने कहा कि असम दशकों तक घुसपैठ की आग में झुलसा है, जिसका मुख्य कारण कांग्रेस का 'वोट बैंक' प्रेम था। उन्होंने दावा किया कि पहले की सरकारों ने जानबूझकर सीमाएं खुली छोड़ीं, जिससे अवैध प्रवासियों ने राज्य की जनसांख्यिकी को बदल दिया। शाह ने भरोसा दिलाया कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में सीमाओं पर निगरानी को अभेद्य बनाया है। यदि जनता तीसरी बार आशीर्वाद देती है, तो तकनीक और सख्त कानून के जरिए हर एक घुसपैठिए को वापस भेजा जाएगा।

**सरमा सरकार को सराहा**

### लाखों एकड़ भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया

शाह ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की 'एक्शन मोड' वाली कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार ने लाखों एकड़ सरकारी और वन भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जमीन घुसपैठियों के कब्जे में थी, जिसे अब असम के वास्तविक हकदारों को लौटाया जा रहा है। शाह ने दो टूक शब्दों में कहा कि असम की पवित्र भूमि पर किसी भी अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कछार जिले में शाह ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्य में अपने शासनकाल के दौरान कोई विकास कार्यक्रम शुरू नहीं किया। अब प्रतिदिन 14 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो रहा है, जो देश में सबसे अधिक है।

## सीएम योगी की बड़ी घोषणा


# शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को किया मालामाल, सैलरी बढ़ाई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



सीएम योगी ने शिक्षा मित्रों की सैलरी बढ़ाने का ऐलान किया है। अब उन्हें 10 हजार की जगह 18 हजार रुपए हर महीने मिलेगा। यह व्यवस्था एक अप्रैल से लागू होगी। योगी ने कहा, जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नहीं हैं, वहां विद्यालय बनाए जाएंगे। इसके लिए 580 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। शिक्षामित्रों को अप्रैल से 18 हजार और अनुदेशकों को 17 हजार देंगे। शिक्षकों के लिए पांच लाख कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी। बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए व्यापक सुधारों और नई घोषणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा के इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल सशक्तिकरण, शिक्षक कल्याण और छात्र सुविधाओं को अभूतपूर्व प्राथमिकता दी गई है।

## सूर्य किरण एरोबेटिक टीम के करतब



जयपुर। राजस्थान के जयपुर में सारंग और सूर्य किरण एयर शो से पहले भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम (एसकेएटी) ने जल महल के ऊपर करतब दिखाए।

## गुजरात के वलसाड में भीषण सड़क हादसा

# ट्रक में घुसी कार, दुर्घटना में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

कपराड़ा तालुका इलाके मे हादसा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

गुजरात के वलसाड जिले के कुंभघाट इलाके में एक भीषण सड़क दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई। कार और ट्रक के बीच हुई इस भीषण टक्कर में एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 महिलाएं भी शामिल हैं। जिले के कपराड़ा तालुका के दुर्घटना बहुल्य इलाके में ये हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार तेज गति से चल रहे ट्रक और कार के बीच भीषण टक्कर में हादसा हुआ। इस खबर ने इलाके में सनसनी फैला दी। लोग कपराड़ा के अंबा जंगल गांव के रहने वाले थे।

### चकनाचूर हुई कार, मौके पर ही 5 ने तोड़ा



कुंभघाट के पास एक मोड़ पर कार सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। हादसे के बाद मौके पर ही 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में घायल 2लोगों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

**कानूनी कार्रवाई करने में जुटी पुलिस**

इससे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों और महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पुलिस शवों का पोस्टमार्टम कराने की कोशिश में जुटी है।

## कम दबाव के क्षेत्र की वजह से मौसम में आया बदलाव

# देश के कई राज्यों में बारिश और बर्फबारी की चेतावनी

## मौसम विभाग ने 21-22 फरवरी को तमिलनाडु-केरल में संभावना जताई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

मौसम विभाग ने कम दबाव के क्षेत्र की वजह से दक्षिण भारत में कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।विभाग के अनुसार, 21 व 22 फरवरी को दक्षिण तमिलनाडु, दक्षिण केरल में कुछ जगहों पर भारी बारिश होने वाली है। 7 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। 22 फरवरी को उत्तराखंड, 23 फरवरी को विदर्भ में, 23 और 24 फरवरी को छत्तीसगढ़, ओडिशा में, 20 और 23 फरवरी को केरल, माहे में, 21 से 24 फरवरी को दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में, 22 से 24 फरवरी को तटीय और उत्तर आंतरिक कर्नाटक में गरज और बिजली गिरने की संभावना है। 22 व 23 फरवरी को जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, 22-24 फरवरी को उत्तराखंड में छिटपुट बारिश व बर्फबारी होने वाली है।



### महाराष्ट्र में फिलहाल बदलाव की गुंजाइश नहीं

महाराष्ट्र में अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने वाला नहीं है। उसके बाद इसमें दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। गुजरात में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। उसके बाद इसमें दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। देश के बाकी हिस्सों में मिनिमम टेम्प्रेचर में भी कोई बड़ा बदला नहीं आएगा।

**उत्तराखंड हिमाचल में तेज हवा का अलर्ट**

देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम की अलग तस्वीर है। कहीं बारिश तो कहीं बादल छाए रहेंगे। गुलाबी ठंड तो कहीं तापमान में उछाल दिखेगा। उत्तराखंड, हिमाचल,में बारिश और तेज हवा का अलर्ट जारी किया गया है।

### पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में बादल और हल्की बारिश के भी आसार

पूर्वी भारत में फिलहाल तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बादल और हल्की बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में भी हल्की बारिश के आसार हैं। महाराष्ट्र और गुजरात में अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ सकता है।

## मोची की दुकान पर रुके राहुल

# रामचेत की मौत पर जताया शोक, बिटिया को चाकलेट दी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

यूपी के सुल्तानपुर में कोर्ट में बयान दर्ज कराकर लौटते समय राहुल गांधी अयोध्या-प्रयागराज हाईवे के गुप्तारगंज स्थित रामचेत मोची की दुकान पर रुके। उन्होंने रामचेत के परिवार से बात की। उनके बेटे से परिवार का हाल जाना। इसके बाद लखनऊ के लिए निकल गए।राहुल ने विधायक नगर चौराहा स्थित रामचेत मोची के बेटे राघव दुकान पर थे। वे करीब सात मिनट उनकी दुकान पर रुके। रामचेत की मौत पर श्रंद्धाजलि अर्पित की। बेटे राघव से कहा कि वह रामचेत की मृत्यु पर



नहीं आ पाए। राघव की बिटिया श्रद्धा को अपनी गोदी में उठाया। उसे चाकलेट दी और दुलार किया। राघव को आश्वासन दिया कि जब भी जरूरत पड़ेगी वह उनकी मदद के लिए खड़े हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी में राहुल ने शुक्रवार को सुल्तानपुर में एमपी-एमएलए कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया।

# छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आय सीमा बढ़कर हुई ढाई लाख

## वृद्धावस्था, दिव्यांगजन और निराश्रित महिला पेंशन योजना में बढ़ोतरी की घोषणा

संवाददाता

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि पूर्वदशम-दशमोत्तर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए अब तक आय सीमा दो लाख रुपये थी। इसे बढ़ाकर 2.50 लाख कर रहे हैं। अनुसूचित जाति और जनजाति के बच्चों के लिए सर्वोदय विद्यालय स्थापना और चार विद्यालय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित हों, इसके लिए भी धनराशि की व्यवस्था इस कार्यक्रम के साथ जोड़ी है। सीएम ने सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों पर भी सदन में अपना वक्तव्य रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन और निराश्रित महिला पेंशन योजना से 1.6 करोड़ लाभार्थी लाभान्वित होते हैं। हम इन्हें 12,000 रुपये दे रहे हैं। इस राशि की बढ़ोतरी के लिए धनराशि की व्यवस्था बजट में की है। यह पैसा डीटीबी के माध्यम से अकाउंट में जाता है। अब बीच में कोई रुकावट नहीं होती है। सीएम योगी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में बेटी के जन्म से लेकर और उसके शादी योग्य होने तक 25,000 रुपये का पैकेज दे रहे हैं। इससे 26 लाख बेटियां लाभान्वित हो रही हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के पहले चरण में 31000 रुपये, बाद में 51000 रुपये और अब यह राशि बढ़ाकर एक लाख रुपये की गई। इसके लिए पहले जो वार्षिक आय एक लाख रुपये थी, उसे बढ़ाकर तीन लाख रुपये किया गया। परिवार का कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कराए और योजना का लाभ उठाए। ओबीसी छात्रों के कंप्यूटर ट्रेनिंग के लिए भी धनराशि की व्यवस्था की है।



### जी राम जी योजना में रोजगार की गारंटी काम न देने पर मिलेगा बेरोजगारी भत्ता

बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कृषि बजट पर विस्तार से अपनी बात रखी थी और कृषि मंत्री ने भी इस विषय पर व्यापक प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि कृषि मंत्री जी की तरह ही हमारा किसान भी स्वस्थ और पुष्ट रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले 100 दिन के रोजगार का प्रावधान था, लेकिन वह अनिवार्य नहीं था। यदि कोई व्यक्ति रोजगार मांगता भी था तो उसे समय पर काम नहीं मिलता था और न ही समय पर मानदेय मिलता था। यदि 100 दिन का रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया, तो कोई भत्ता देने की बाध्यता भी नहीं थी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अब योजना को अधिक प्रभावी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अब 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया गया है। यदि खेती-बाड़ी का समय नहीं है और गांव का कोई व्यक्ति रोजगार की मांग करता है, तो ग्राम प्रधान को उसे काम देना अनिवार्य होगा। यदि रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता देना भी सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस शासन में मनरेगा जिस स्वरूप में लागू की गई थी, वह व्यावहारिक नहीं थी। गड्ढा खोदो और फिर पाट दो जैसी स्थिति बन गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब यह योजना बन रही थी, तब उन्होंने सांसद के रूप में समिति में प्रश्न उठाया था कि यह किस प्रकार की व्यवस्था है।

### 8000 न्याय पंचायतों में करेंगे डिजिटल उद्यमी का चयन : सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट 2026-27 में चर्चा पर भाग लेते हुए बड़ी घोषणा की। उन्होंने डिजिटल इंटरप्रेन्योर योजना का जिक्र किया और बोले-हम लोग 8000 न्याय पंचायतों में डिजिटल उद्यमी का चयन करेंगे। इन उद्यमियों में 50 फीसदी महिलाएं होंगी, जो उसी न्याय पंचायत की बेटी-बहू होंगी। इन्हें 10 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। इसकी व्यवस्था बजट में है। गाँव के अंदर वे सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे, जिससे गाँव अब तक वंचित था। सीएम ने कहा कि ह्यऑप्टिकल फाइबर की फैसिलिटीह्ल की बात हो या फिर उसके माध्यम से गांव के बहुत सारे ऐसे प्रोडक्ट, जिन्हें अन्य जगह पहुंचाने या ऑनलाइन ट्रेडिंग की जरूरत है, हम उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। सीएम योगी ने यूनियन बजट में घोषित शी मार्ट योजना की तर्ज पर मातृशक्ति को समर्पित नई स्कीम महिला उद्यमी उत्पाद विपणन केंद्र की घोषणा की। कहा कि यूपी में लगभग एक करोड़ महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं। इनके जरिए तैयार किए गए उत्पादों को अभी तक केंद्र मिल पाना कठिन होता था। हम इसे न्याय पंचायत के साथ जोड़ने जा रहे हैं। इसमें 100 फीसदी महिलाएं होंगी और इसके लिए 100 करोड़ की व्यवस्था की गई है। न्याय पंचायत स्तर पर उनके लिए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तैयार करेंगे। महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा जो भी उत्पाद बनाया जाएगा, उसकी बिक्री की व्यवस्था होगी। यह सब डिजिटल इंटरप्रेन्योर योजना के साथ जुड़ेगा। सरकार एक करोड़ महिलाओं को जोड़ने व आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य करेगी। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) व शिशु मृत्यु दर (एसएमआर) का रेशियो काफी खराब रहा है। 2017 में हम लोग आए थे तो स्थिति काफी खराब थी।

## एसजीपीजीआई में बनेगा देश का पहला क्वार्टरनरी केयर सेंटर

### डिजिटल, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य मॉडल की ओर बढ़ रहा यूपी

- **अयोध्या धाम में 500 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा**

**लखनऊ।** विधानसभा में स्वास्थ्य क्षेत्र पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश का स्वास्थ्य तंत्र डिजिटल, सुगम, सुलभ और किफायती मॉडल की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विपक्ष के नेता को संबोधित करते हुए कहा कि वे हाल ही में उनके क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर चुके हैं और वहां के लोग कार्य से संतुष्ट हैं। मुख्यमंत्री ने सदन में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एसजीपीजीआई), लखनऊ में एक क्वार्टरनरी केयर हेल्थ सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके लिए पहले चरण में 859 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनमें 359 करोड़ रुपये निर्माण कार्य के लिए और 500 करोड़ रुपये अत्याधुनिक उपकरणों के लिए होंगे। उन्होंने कहा कि यह भारत का पहला ऐसा सुपर स्पेशलिटी और अनुसंधान आधारित अत्याधुनिक केंद्र होगा, जो भविष्य की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर अच्छे कार्य को और बेहतर बनाने का प्रयास जारी है, लेकिन अब तक जो काम हुए हैं, उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी है। यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस की स्थापना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का क्रियान्वयन, ई-संजीवनी, टेलीमेडिसिन, टेलीरेडियोलॉजी और डिजिटल हेल्थ सेवाओं को व्यापक रूप से लागू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं को सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने उल्लेख किया कि 2016 में भारत सरकार ने एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया था, जिसे तत्कालीन सरकार ने स्वीकार नहीं किया। वर्तमान सरकार ने न केवल 150 एंबुलेंस स्वीकार कीं, बल्कि अतिरिक्त 150 की मांग भी की। आज स्थिति यह है कि प्रत्येक जिले में 5 से 7-8 एडवांस सपोर्ट एंबुलेंस उपलब्ध हैं, जिससे दुर्घटना या हार्ट अटैक जैसी स्थिति में गोल्डन आवर के भीतर प्रशिक्षित मैनपावर के साथ मरीज को तत्काल उपचार मिल सके। उन्होंने बताया कि 4,600 नई 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं को जोड़ा गया है और इसके लिए बजट में धनराशि की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 100 अस्पतालों में सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि एएनएम से लेकर विशेषज्ञ चिकित्सकों तक, स्वास्थ्य और मेडिकल एजुकेशन विभाग में 75,000 से अधिक नियुक्तियां की गई हैं, जो प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अयोध्या धाम में 500 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा, जिसमें ट्रॉमा और सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके लिए बजट में अलग से धनराशि की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 27 मेडिकल कॉलेजों में छात्रावास निर्माण और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भी बजट प्रावधान किया गया है। ट्रॉमा सेंटर के लेवल-2 उन्नयन के लिए भी धनराशि उपलब्ध कराई गई है।

## आपको शिवपाल जी का श्राप न लगे नेता प्रतिपक्ष पर सीएम का कटाक्ष

संवाददाता

- **माता प्रसाद पांडे पर योगी का तंज, कभी-कभी संगत का प्रभाव होता है**
- **बोले- लगता है चच्चू का प्रभाव भी आप पर आ गया है**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे पर कटाक्ष किया। उन्होंने कुछ मुद्दों पर उनके वक्तव्य को लेकर चुटीले अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया भी दी। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि माता प्रसाद पांडेय की सहजता और सरलता सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि वे स्वस्थ रहें और दीर्घजीवी हों, यह उनकी व्यक्तिगत कामना है। इसी क्रम में उन्होंने विनोदपूर्ण अंदाज में कहा कि शिवपाल जी का श्राप उन पर न लगे, इस टिप्पणी पर सदन में हल्की मुस्कान और ठहाके भी सुनाई दिए।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि माता प्रसाद पांडेय उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने समाजवादी आंदोलन को निकट से देखा और जिया है। उन्होंने संकेत दिया कि जेपी और लोहिया की विचारधारा से प्रभावित उस पीढ़ी का अनुभव सदन के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, इसके बाद की पीढ़ी ने उस भावना को पीछे छोड़ दिया और प्रदेश की स्थिति को बिगाड़ने का काम किया।

बजट और राजकोषीय घाटे के संदर्भ में जब माता प्रसाद पांडेय ने सरकार की वित्तीय स्थिति पर प्रश्न उठाया, तो मुख्यमंत्री ने हल्के व्यंग्य में कहा कि आपने कह दिया कि राजकोषीय घाटा इतना अधिक है।

लगता है चच्चू का प्रभाव भी आप पर आ गया है। मुख्यमंत्री का आशय यह था कि विपक्ष की ओर से प्रस्तुत आंकड़े अतिशयोक्तिपूर्ण प्रतीत होते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि तथ्यों और आंकड़ों की सटीकता आवश्यक है, अन्यथा भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## कृषि विवि और विभागीय कार्यों के लिए मिली वित्तीय स्वीकृति

संवाददाता

- **अयोध्या, बांदा और कानपुर में स्पेशलाइज्ड सीड स्टोरेज यूनिट एवं सीड हब के निर्माण के लिए धनराशि जारी**
- **प्रदेश के किसानों को आधुनिक सुविधाओं और उन्नत बीजों के माध्यम से प्राप्त होंगे दूरगामी लाभ**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में कृषि अनुसंधान, बुनियादी ढांचे के विकास और विभागीय सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। इन स्वीकृतियों का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों में बीज भंडारण की आधुनिक सुविधाएं विकसित करना और कृषि विभाग के प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना है। इस निर्णय से राज्य के कृषि क्षेत्र में तकनीक और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

प्रमुख स्वीकृतियों के अंतर्गत आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज (अयोध्या) के साथ-साथ बांदा और कानपुर के कृषि विश्वविद्यालयों में स्पेशलाइज्ड सीड स्टोरेज यूनिट एवं सीड हब के निर्माण के लिए पूंजीगत मद में लगभग 4.68 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है।

इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत निदेशालय एवं प्रशासन मद में फर्नीचर, कंप्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और अन्य आवश्यक उपकरणों के क्रय के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुल 5.00 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

साथ ही, नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी के तहत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (एसएमएई) योजना के लिए केन्द्रांश एवं राज्यांश को मिलाकर लगभग 0.25 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें उत्तम कोटि के बीज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन विशेष बीज हब के निर्माण और विभागीय आधुनिकीकरण के लिए जारी की गई धनराशि के सदुपयोग से उत्तर प्रदेश के किसानों को कई दूरगामी लाभ प्राप्त होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग गुणवत्तापूर्ण तरीके से और निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए ताकि इसका सीधा लाभ धरातल पर किसानों को मिल सके।

## उप्र प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने मानदेय वृद्धि की घोषणा पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में शिक्षामित्रों के मानदेय को 1 अप्रैल से 10000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये करने की घोषणा का उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने स्वागत किया है।

इस निर्णय से प्रदेश के 1.43 लाख शिक्षामित्र परिवारों में हर्ष की लहर है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला एवं संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह सहित समस्त पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस वृद्धि से शिक्षामित्रों के जीवन स्तर में सुधार आएगा और वे अधिक मनोयोग से शिक्षण कार्य कर सकेंगे। शिक्षामित्र संघ ने विश्वास जताया है कि सरकार भविष्य में भी शिक्षामित्रों की अन्य समस्याओं का न्यायोचित समाधान करेगी। बता दें कि इससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लम्बे से मानदेय वृद्धि की मांग को पूरा किया। इससे पूर्व उन्होंने कैशलेस इलाज का उपहार भी शिक्षामित्रों को दिया था। साथ ही तबादला नीति को भी हरी झंडी दी जा चुकी है।

## मंत्री कपिल देव ने शुरू की राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

संवाददाता



- **पहली बार व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा राज्य स्तरीय खेल का आयोजन**
- **प्रदेशभर से 579 प्रतिभागियों की तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 13 खेलों में प्रतिभा का प्रदर्शन**

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन प्रशिक्षण निदेशालय के निर्देशन में शुक्रवार से तीन दिवसीय आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ शुक्रवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन, ध्वजारोहण, मार्च पास्ट की सलामी और प्रतिभागियों के शपथ ग्रहण के साथ प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन हुआ।

इस अवसर पर मंत्री अग्रवाल ने कहा कि विभाग का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण के साथ युवाओं को खेलों से जोड़कर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आईटीआई संस्थानों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थी शारीरिक रूप से सशक्त और मानसिक रूप से आत्मविश्वासी बन सकें। उन्होंने कहा कि खेल न केवल फिटनेस का माध्यम हैं बल्कि जीवन में अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और आत्मबल का विकास भी करते हैं।

मंत्री ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीत और हार दोनों ही जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन निरंतर प्रयास ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि योग्यता और आत्मविश्वास के साथ कोई भी बाधा उन्हें आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने बताया कि विभाग द्वारा पहली बार इस प्रकार की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य युवाओं के व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है। यह प्रतियोगिता जनपद एवं मंडल स्तर की चयन प्रक्रिया के बाद राज्य स्तर पर आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से कुल 579 प्रतिभागियों (271 महिला एवं 308 पुरुष) ने स्थान बनाया है।

प्रशिक्षण निदेशक अभिषेक सिंह के अनुसार महिलाओं की प्रतियोगिताएं 20 फरवरी तथा पुरुष वर्ग की प्रतियोगिताएं 21 फरवरी को आयोजित होंगी, जबकि शेष प्रतियोगिताएं 22 फरवरी को सम्पन्न कराई जाएंगी। प्रतिभागियों के ठहरने, भोजन और आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रतियोगिता में 100, 200 एवं 400 मीटर दौड़, रिले, लंबी व ऊंची कूद, शॉटपुट, बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी तथा खो-खो सहित कुल 13 खेल शामिल हैं।

### 15 मई तक तैयार हो जाये हर विभाग की कार्ययोजना

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने सदन की सुचारू कार्यवाही के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना समेत पक्ष-विपक्ष के सभी सदस्यों का भी आभार जताया। विपक्षी सदस्यों से कहा कि अच्छे सुझाव हम नोट करते हैं और फिर उसे क्रियान्वित भी करते हैं। प्रदेश के व्यापक हित और विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश बनाने और वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। सीएम ने कहा कि इस बार चार विभागों ने अपनी कार्ययोजना को सदन में अनुदान की मांगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। हमारा प्रयास होगा कि हर विभाग की कार्य योजना 15 मई तक तैयार हो जाए। सीएम ने सदस्यों से कहा कि क्षेत्र-जनपद की अलग-अलग विभागों से जुड़ी हुई मांगें अभी से क्रिएट करनी चाहिए, जिससे समय पर पैसा स्वीकृत-जारी हो सके और उसका बेहतर क्रियान्वयन हो सके।

## भाजपा सरकार निवेश का झूठा दावा कर रही : अखिलेश

### फतेहपुर में एक दिवसीय दौरे के दौरान सपा अध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

संवाददाता

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में निवेश का झूठा दावा कर रही है। अगर निवेश आता होता तो जमीन पर नौकरी रोजगार दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों में भी कहीं नौकरी रोजगार नहीं दिखाई दे रहा है जबकि आंकड़ें बता रहे है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब है। महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा अपराध की घटनाएं यूपी में हो रही है। सबसे ज्यादा बेरोजगार उत्तर प्रदेश में है। सबसे ज्यादा साइबर अपराध यूपी में हो रहा है। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में भूमाफिया, कोडीन माफिया, नकल माफिया समेत कई तरह के माफिया पैदा किये है। भाजपा के नेता जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे है। भाजपा जमीन माफियाओं को संरक्षण दे रही है।

फतेहपुर में शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे के दौरान मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जब से पौराणिक परम्पराओं को माना जा रहा है, तबसे आज तक शंकराचार्य जी पर कोई आरोप नहीं लगा पाया और न किसी ने धार्मिक कार्यों से रोका। नकली सनातनियों ने प्रयागराज माघ मेले में पूज्य शंकराचार्य को अपमानित किया। गंगा जी में स्नान से रोका।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री शंकराचार्य जी को न्याय नहीं दिला रहे हैं। शंकराचार्य जी का सम्मान नहीं बचाया। दो उपमुख्यमंत्रियों को विधानसभा में मुख्यमंत्री से शंकराचार्य जी के अपमान पर सवाल पूछना चाहिए था। अखिलेश यादव ने किसानों, नौजवानों और प्रदेश की जनता से अपील की है कि भाजपा को हटाओ, नहीं तो यह सरकार गेहूं, चावल, दाल, दूध सब कुछ अमेरिका से ले आयेगी। यहां का किसान बर्बाद हो जाएगा। भाजपा सरकार ने बिजली मंहगी कर दी। खुद एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया। बिजली के मीटरों में बड़े पैमाने पर घपलेबाजी है। मीटर तेज चलता है, बिल ज्यादा आता है। उन्होंने कहा कि भाजपा जेन जी से घबराई हुई है। नेपाल, बांग्लादेश और अन्य देशों में नौजवानों ने अपने सवालों को लेकर जिस तरह से आवाज उठायी, उससे भाजपा घबराई है। भाजपा जनता को परेशान करने के लिए उलझाये रखना चाहती है। जनता के मुद्दे न उठे उसके लिए हर तरह का प्रयास करती है। उसी कड़ी में एसआईआर लाया गया है। एसआईआर से वोट नहीं जोड़ा जा रहा है, वोट काटा जा रहा है। फतेहपुर जाते समय रायबरेली में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में हमारे बटुकों का अपमान हुआ है। जिन्होंने बटुकों के साथ दुर्व्यवहार किया है उन्हें पाप लगेगा। वे पापी कहलाएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर समाज को अपमानित कर रही है।

## इंस्टाग्राम आईडी हैक होने का झांसा देकर 65 हजार ठगे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दुबग्गा थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय छात्रा से इंस्टाग्राम आईडी हैक होने का भय दिखाकर 65 हजार रुपये ऐंठने और विरोध करने पर मारपीट व धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां के अनुसार उनकी बेटी की कोचिंग में क्षेत्र की ही एक किशोरी पढ़ती है। दोनों के बीच इंस्टाग्राम के जरिए बातचीत होती थी। आरोप है कि 20 जनवरी को उनकी गैरमौजूदगी में उक्त किशोरी घर आई और छात्रा से कहा कि उसकी इंस्टाग्राम आईडी हैक हो गई है, जिसे सही कराने के लिए रुपये की जरूरत है। इनकार करने पर किशोरी ने अपने कथित ब्वॉयफ्रेंड आसिफ के साथ मिलकर छात्रा से मारपीट की और डराया-धमकाया। भयभीत छात्रा ने अपने पिता के लॉकर से 65 हजार रुपये निकालकर दे दिए। बताया जा रहा है कि छात्रा के पिता कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े हैं। आरोप है कि रुपये लेने के बाद आरोपियों ने चार दिन के भीतर 40 हजार रुपये और देने की धमकी दी। तय समय बीतने पर एक युवक ने खुद को लड़की का भाई दीपक बताकर पीड़िता की मां को फोन किया और रुपये की मांग की। रुपये न देने पर छात्रा को बदनाम करने, अगवा करने तथा उसकी अश्लील तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी गई। धमकी से घबराई मां ने जब बेटी से सख्ती से पूछताछ की तो पूरी घटना का खुलासा हुआ। इसके बाद मां-बेटी ने विश्वजीत श्रीवास्तव से मिलकर शिकायत की। मामले में शकील अहमद को जांच के निर्देश दिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर दुबग्गा पुलिस ने आरोपी किशोरी, उसके प्रेमी आसिफ और कथित भाई दीपक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बीबीडीयू में वाटरमैन ऑफ इंडिया डॉ. राजेंद्र सिंह का प्रेरक व्याख्यान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ के स्कूल ऑफ बेसिक साइंस द्वारा विश्वविद्यालय के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में एक भव्य एवं प्रेरणादायी अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वाटरमैन ऑफ इंडिया के नाम से विख्यात, प्रख्यात पर्यावरणविद् एवं तरुण भारत संघ के संस्थापक डॉ. राजेंद्र सिंह रहे, जो वर्ष 2001 के रैमन मैग्सेसे पुरस्कार तथा वर्ष 2015 के स्टॉकहोम वाटर अवॉर्ड के प्राप्तकर्ता हैं। यह आयोजन विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की प्रेरणा एवं दूरदर्शी नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय था जल युद्ध मुक्त बेहतर विश्व के लिए आज अनुकूलन और शमन। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। स्वागत भाषण में स्कूल ऑफ बेसिक साइंस के डीन डॉ. एस. अहमद अली ने मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए कहा कि डॉ. राजेंद्र सिंह का जीवन जल संरक्षण की एक प्रेरक यात्रा है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि रैमन मैग्सेसे पुरस्कार (2001) एवं स्टॉकहोम वाटर अवॉर्ड (2015) जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत यह व्यक्तित्व युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। अपने व्याख्यान में डॉ. राजेंद्र सिंह ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने स्थानीय समुदायों की सहभागिता से 30 से अधिक नदियों का पुनर्जीवन किया, अनेक छोटे-बड़े बांधों एवं जल संरचनाओं का निर्माण कराया और सूखी-बंजर भूमि को पुनः उपजाऊ बनाया।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, सात घायल, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी – फोटो

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़खोरवा गांव के मजरा हुसैनपुर में शुक्रवार को पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। लाठी-डंडों से हुए संघर्ष में दोनों पक्षों से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में लाला, रेहान, सुल्तान पुत्री असिन, आयशा पुत्री सुल्तान, जब्बार, रियासत और सत्तार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली तहरीरों के आधार पर सुफियान (30), जल्ला उर्फ जलील (25), मुजीब (25), सद्दाम (20), मुशीर (45) और सलमान (24) के खिलाफ बलवा व मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया गया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। और मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षेप

### हाईस्कूल की परीक्षा दे रही छात्रा की बिगड़ी हालत

गंजमुरदाबाद, उन्नाव। हाईस्कूल का पेपर देने विद्यालय पहुंची छात्रा की तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा से प्राथमिक उपचार के बाद पुनः पेपर देने गई जिसके उपरांत दोबारा अस्पताल में भर्ती किया गया छात्रा का उपचार जारी है। बांगरमऊ क्षेत्र के गांव बल्लापुर निवासी नैना सिंह पुत्री शिवेंद्र प्रताप सिंह गांव के ही विश्वंभर दयाल इंटर कालेज में 10वी की पढ़ाई कर रही थी जिससे शुक्रवार को वह नगर के डी सी के एम इंटर कालेज पेपर देने पहुंची थी इस दौरान शुरूवाती समय में ही उसकी हालत बिगड़ गई जिससे स्कूल स्टाफ की सूचना पर एम्बुलेंस के जरिए छात्रा को अस्पताल भर्ती कराया गया जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे पुनः पेपर देने भेज दिया गया तो छात्रा ने स्कूल पहुंच अपना पेपर दिया जिसके बाद परिजनों ने पुनः अस्पताल में भर्ती कराया। ड्यूटीरत डाक्टर महेंद्र ने बताया है कि छात्रा को बुखार (टाइफाइड )की समस्या है जिसका उपचार चल रहा है ।

### एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकराई बस चालक घायल

गंजमुरदाबाद, उन्नाव। बांगरमऊ क्षेत्र में एक्सप्रेसवे मार्ग पर मध्य डिवाइडर से टकराकर एक स्लीपर बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में चालक को चोट आई है जबकि घटना के समय सवारियों में अफरा तफरी मच गई।कहा जा रहा बस का चालक अमवध कुमार अपने साथी चालक सतेंद्र कुमार के साथ एक स्लीपर बस में करीब 42 सवारियां लेकर गुड़गांव से लखनऊ जा रहा था तभी शुक्रवार को सुबह करीब 7 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर गांव हैबतपुर के निकट चालक को झपकी लगने से बस अनियंत्रित होकर मध्य डिवाइडर से टकरा गई इस हादसे में चालक चोटिल हो गया जबकि अन्य सवारियों में हड़कंप मच गया ।घटना के बाद यूपीडा टीम द्वारा मौके पर रेस्क्यू अभियान चलाया।गनीमत रही सवारियों को कोई गम्भीर चोट आदि नहीं आई।

### खतौनी में अंश संशोधन त्रुटि नाम सही कराने को लेकर किसान परेशान

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र कृषिपर निर्भर है खतौनी में दर्ज गलत अंश व नाम के लिए प्रतिदिन दूर-दूर से किसान सैकड़ो की संख्या में आते हैं खतौनी में नाम व अंश सही कराए जाने को लेकर सालों से किसान तहसील के चक्कर काट रहे हैं अधिकारियों के द्वारा सही व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण किसान परेशान हैं लेखपालों के द्वारा अंश संशोधन व नाम सही कराए जाने को लेकर रुपया वसूली की जाती है लेकिन तहसील में कोई सुनने वाला नहीं है उनका एक बहाना मिल जाता है कि इस समय अंश संशोधन व त्रुटि नाम सही करने की कंप्यूटर साइट बंद है जब खुलेगी तब हम करवा देंगे जिनके अंश खतौनी पर अधिक दर्ज है वह लोग भूमि विक्रय अधिक भूमि का कर देते हैं जिसके कारण अन्य सह खातेदार से विवाद लड़ाई झगड़ा। अधिक हो रहे हैं

# मौसम में बदलाव मरीजों की बढ़ी संख्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौसम में बदलाव के कारण लोगों की सेहत प्रभावित हो रही है। दिन में तेज धूप और रात में हल्की ठंड से सर्दी-जुकाम, बुखार, सिरदर्द और आंखों में जलन जैसी समस्याएं बढ़ गई हैं। इसका सीधा असर जिला अस्पताल की ओपीडी पर दिख रहा है, जहां मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। पिछले चार दिनों से जारी मौसम के इस उतार-चढ़ाव ने स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ा दिया है। शुक्रवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में 700 से अधिक मरीज चिकित्सकीय परामर्श के लिए पहुंचे। पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टर कक्ष तक लंबी कतारें देखी गईं, और कई मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। अस्पताल परिसर में सुबह से ही भारी भीड़ जमा हो गई थी। मरीजों ने अपनी परेशानियां साझा कीं। सोनू नामक एक मरीज ने बताया कि उन्होंने सुबह पर्ची बनवाई थी, लेकिन उनका नंबर दोपहर बाद आया। उन्हें सर्दी-जुकाम, सिरदर्द और बदन दर्द की शिकायत थी। अन्य मरीजों ने भी कमजोरी, आंखों में जलन, तापमान में उतार-चढ़ाव और हल्के बुखार जैसी समस्याएं बताईं।डॉक्टरों के अनुसार, यह मौसमी वायरल संक्रमण का प्रभाव है, जो तापमान में अचानक बदलाव के कारण तेजी से फैल रहा है। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. कौशलेंद्र प्रकाश ने बताया कि ऐसे मौसम में शरीर का तापमान संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने छोटे बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। डॉ. प्रकाश ने लोगों को सुबह-शाम हल्के गर्म कपड़े पहनने, गुनगुना पानी पीने और सीधे धूप के संपर्क से बचने की सलाह दी। उन्होंने रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन-सी युक्त फलों और हरी सब्जियों का सेवन बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि तीन दिन से अधिक बुखार, सांस लेने में दिक्कत या अत्यधिक कमजोरी महसूस हो तो तत्काल डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजीव गुप्ता ने बताया कि सभी डॉक्टरों और स्टाफ को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। ओपीडी में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि मौसम में हो रहे बदलाव के दौरान वायरस संक्रमण तेजी से फैलता है, इसलिए आमजन को लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का उपयोग करें और हाथों को नियमित रूप से धोते रहें। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मौसमी संक्रमण मार्च तक बना रह सकता है, इसलिए सतर्कता ही बचाव का सबसे बड़ा उपाय है।

# बिना पंजीकरण के चल रहा निजी अस्पताल एसीएमओ ने कराया बंद

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। स्वास्थ्य विभाग की आंखों में धूल झोंककर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले अवैध अस्पतालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। सफीपुर के सलीन्द रोड स्थित 'अरुण हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर' को बिना वैध पंजीकरण के संचालित पाए जाने पर एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर तत्काल बंद करा दिया। विभागीय जांच में यह बात सामने आई थी कि उक्त अस्पताल का सरकारी अभिलेखों में कोई पंजीकरण दर्ज नहीं है। इसके बावजूद, अस्पताल में न केवल मरीजों का उपचार किया जा रहा था, बल्कि मानकों को ताक पर रखकर गंभीर ऑपरेशन भी किए जा रहे थे। अस्पताल में आपातकालीन सुविधाओं और चिकित्सकीय सुरक्षा का पूरी तरह अभाव पाया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने पाया कि संस्थान के पास कोई भी वैध दस्तावेज नहीं है। डॉ. सिंह ने मौके पर ही अस्पताल की गतिविधियों को रोकते हुए उसे बंद करने की कार्रवाई सुनिश्चित की। डॉ. नरेंद्र सिंह (एसीएमओ) ने बताया कि बिना पंजीकरण के अस्पताल का संचालन एक गंभीर अपराध और नियमों का खुला उल्लंघन है। मौके पर अस्पताल का कोई वैध रिकॉर्ड नहीं मिला है, जिसके चलते इसे बंद कर दिया गया है। साक्ष्य संकलन के साथ अब संस्थान पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की इस सीधी और त्वरित कार्रवाई से सफीपुर क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे अन्य झोलाछाप केंद्रों और क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मच गया।

# भीषण सड़क हादसा, दो कारों की आमने-सामने जोरदार भिंडत, आठ घायल

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। लखनऊ से सफीपुर की ओर एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे लोगों की कार गुरुवार को दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गई। थाना आसीवन क्षेत्र के मुंडा गांव के पास सामने से आ रही दूसरी कार से जबरदस्त टक्कर हो गई, जिससे दोनों वाहनों में सवार कुल 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल हुए लोगों में सूर्यांशु (22) पुत्र सूरज निवासी महर्षि विद्यालय के समीप लखनऊ, तनिष्का यादव (18) पुत्री राजकिशोर यादव निवासी ग्राम दुर्गा गढ़ी पोस्ट तियर थाना औरास हाल निवासी बुद्धेश्वर लखनऊ, जतिन यादव (18) पुत्र राजू निवासी लखनऊ शामिल हैं। वहीं दूसरी कार में सवार जगमोहन सिंह (45) पुत्र रामशंकर सिंह, अजय सिंह (30) पुत्र जंगबहादुर सिंह, राजन सिंह (22) पुत्र छन्नू सिंह और रेनू सिंह (35) पत्नी जगमोहन सिंह सभी निवासी मुन्नू खेड़ा थाना आसीवन भी घायल हो गए। घायलों को मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल जतिन, सूर्यांशु, तनिष्का उर्फ माही, जगमोहन, अजय और राजन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

# वृहद ऋण शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शहर के निराला प्रेक्षागृह में शुक्रवार को एक वृहद ऋण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 150 पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) कृति राज ने किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन तक विभिन्न सरकारी ऋण एवं स्वरोजगार योजनाओं का लाभ पहुंचाना और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना था। सीडीओ कृति राज ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से जनपद के अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया है।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा युवाओं, किसानों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों को आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। शिविर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), ग्रामोद्योग और माटी कला सहित कई विभागों की योजनाएं शामिल की गईं। संबंधित बैंकों और विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में पात्र लाभार्थियों के आवेदन सत्यापित किए गए। सीडीओ ने जानकारी दी कि कुल 167 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें से 150 का लक्ष्य शिविर के दौरान ही पूरा कर लिया गया। शेष मामलों में औपचारिकताएं पूरी कर शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाएगी।आज के शिविर का कुल ऋण लक्ष्य 100 करोड़ रुपये से अधिक का है, जिसे पूरा करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम), विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लाभार्थियों को ऋण की शर्तों, पुनर्भुगतान प्रक्रिया और योजनाओं के उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सीडीओ कृति राज ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से आमजन को एक ही स्थान पर कई योजनाओं की जानकारी और लाभ मिल जाता है, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है। उन्होंने बैंकों से भी अपेक्षा की कि वे पात्र आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कर जनपद में रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा दें। शिविर के समापन पर लाभार्थियों ने शासन-प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के टीकरगढ़ी गांव के रहने वाले रामलाल की (16) वर्षीय पुत्री रेवा सिंह ने गुरुवार देर रात घर की दूसरी मंजिल पर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब मां सुनीता दूसरी मंजिल पर बेटी के लिए दूध लेकर गई तो देखा बेटी का शव फांसी के फंदे से लटक रहा है। चीखपुकार सुनकर परिजन भी इकट्ठे हो गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेवा शहर के जीजीआईसी इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की पढ़ाई कर रही थी। वह तीन भाइयों में तीसरे नंबर पर थी। जिस वक्त उसने फांसी लगाई उस समय परिजन घर के बाहर बीमार भैंस का उपचार करवा रहे थे। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। परिजनों का कहना है। कि रेवा के मामा मामी आए थे। बिना चाय नाश्ता किए चले गए इसी बात से वह परेशान थी। घटना से आहत मां सुनीता भाई ओम भूम तेज सहित परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जवाहर खेड़ा स्थित सीएनजी पंप के पास एक 22 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर कोतवाली सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान शेर अली खेड़ा निवासी राम पाल के पुत्र अंकुल के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार रात अंकुल ने पेट दर्द की शिकायत की थी। वह दवा लेकर आया, दवा खाने के बाद कुछ देर आराम किया और फिर घूमने जाने की बात कहकर घर से निकल गया।शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे परिजनों को जवाहर खेड़ा स्थित सीएनजी पंप के पास एक युवक का शव पेड़ से लटका होने की सूचना मिली। परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और शव की पहचान अंकुल के रूप में की। अंकुल अपने एक भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। अंकुल गाड़ियों की धुलाई का काम करता था और परिवार की आर्थिक मदद करता था। घटना स्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा और आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कारपेंटर का पेड़ पर लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के धन कुली गांव में 50 वर्षीय कारपेंटर सुंदर लाल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में एक पेड़ पर लटका मिला। उनका शव घर से लगभग एक किलोमीटर दूर पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सुंदर लाल पुत्र रामेश्वर के रूप में हुई है। वह कारपेंटर का काम करते थे और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। शुक्रवार सुबह गांव के कुछ लोगों ने पेड़ पर शव लटका देखा, जिसके बाद उन्होंने परिजनों और पुलिस को सूचित किया।परिजनों के अनुसार, सुंदर लाल गुरुवार शाम को अपने घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिवार ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। सुंदर लाल के पांच नाबालिग बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और तीन बेटियां शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, परिस्थितियां संदिग्ध होने के कारण पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण डायट हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षकों का दिशांतरण पर आधारित सामाजिक विज्ञान मॉड्यूल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण डायट प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ जिसमें नई शिक्षा नीति, संविधान व प्राचीन कालीन इतिहास आदि के विषय में ज्ञानपरक जानकारी दी गयी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक अमित तिवारी, कुलदीप शर्मा, दीपक राजकिशोर ने बताया कि कार्यशाला में प्राचीन भारत से आधुनिक काल तक, संविधान में मूल अधिकार, मूल कर्तव्य, अक्षांश-देशांतर रेखाओं का महत्व, नवाचारी शिक्षा विधियों, पृथ्वी की आंतरिक सरंचना आदि को बहुत ही सरल तरीके से समझाया गया जो बेसिक शिक्षा विभाग में अध्ययन कर रहे बच्चों की शिक्षा में बहुत उपयोगी साबित होग प्रशिक्षणकर्ताओं में डायट प्रवक्ता उमा प्रसाद पटेल, मानस पांडेय, पीयूष सिंह, शशांक सिंह ने सभी शिक्षकों को प्रमाणपत्र वितरित किए।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट से युवक हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आ जाने से मजदूर की मौके पर मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।थाना क्षेत्र के चैनपुर भगवंतनगर मार्ग पर जंगल खुर्द चौराहा के पास समय करीब रात्रि 6:30 बजे न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर ट्रॉली से जाते समय ट्राली के पहिए के नीचे आ जाने से भुल्ली पुत्र असगर अली निवासी बर्बलिया थाना सरेनी जिला रायबरेली उम्र करीब 58 वर्ष की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुँचे थाना प्रभारी राहुल सिंह ने शव का पंचनामा करा पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

# स्वास्थ्य शिविर जांच कैंप का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण कंट्रोल सोसाइटी लखनऊ एवं जिला क्षय रोग अधिकारी के आदेशानुसार आज सामुदायिक स्वास्थ्य पुरवा की टीम द्वारा आईसीटीसी सेंटर से महेश कुमार के द्वारा ग्राम अचलखेडा में स्वास्थ्य शिविर जांच कैम्प लगाया गया जिसमें विलेज हेल्थ न्यूट्रिशियन डे में जाकर श्लठऊ सत्र पर आई सभी गर्भवती महिलाओं ओर जनरल लाभार्थियों को एच आई वी के फैलने और बचाब के कारण बताए गए और सामाजिक लांछन और भेदभाव को दूर कर समानता व्यवहार लाने की बात किया और सभी गर्भवती महिलाओं को एक एन सी के दौरान होने वाली जांचों के बारे में बताया गया ओर सभी को एचआईवी जांच कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया आज के जागरूकता प्रोग्राम सी एच ओ पुत्तन लाल भी एच डब्लू , मोनी राजपुत और आशा छाया देवी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलम कुमारी सहायिका रानी देवी व लाभार्थी नीलम, सीमा, शांती , बबली , जयदेवी, सूरजकला सीमा राजपूत, निशा देवी आदि मौजूद रही।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत दूसरा घायल

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव नरोत्तमपुर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सड़क पर पैदल लालकुआं की ओर आ रहे दो युवकों को अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सौ बेड अस्पताल पहुंचाया जहां एक युवक की मौत हो गई ,दूसरे को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है ।पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है । थाना अचलगंज के जगत खेड़ा निवासी सुभाष कुमार पुत्र प्रेम शंकर अपने चचेरे भाई अनूप के साथ बारा सगवर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को टेंट लगाने गए हुए थे।टेंट लगाने के बाद देर रात बाइक से वापस अपने गांव आ रहे थे रास्ते में बाइक खराब हो जाने से रास्ते में खड़ी कर दी।घर में बाइक खराब होने की सूचना देने के बाद दोनों लोग पैदल अपने गांव की ओर चल पड़े। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र ऊंचगांव लाल कुआं मार्ग पर नरोत्तमपुर के पास अज्ञात चार पहिया वाहन ने पैदल चल रहे दोनों युवकों को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए ।एंबुलेंस से सौ बेड हॉस्पिटल पहुंचाया गया जहां मौजूद डॉक्टर ने सुभाष कुमार को मृत घोषित कर दिया वहीं चचेरे भाई अनूप को जिला चिकित्सालय भेजा है। मृतक के पिता प्रेम शंकर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक का 3 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था ।घटना के बाद पत्नी पलक ,छोटे भाई पंकज का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अवैध गांजा समेत पति पत्नी गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

गंज मुरादाबाद, उन्नाव। थाना बेहटा मुजावर पुलिस द्वारा गांजे के कारोबार में संलिप्त दंपति को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।पुलिस ने उनका अपराधिक इतिहास भी बताया है। अपराधों पर लगाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए बेहटा मुजावर पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के संडीला अंडर पास के निकट से मुखबिर की सूचना पर एक दंपति को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से 5 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम भूरा पुत्र हरीबाबू व राधा पत्नी भूरा निवासी गांव कबीरपुर बताया बेहटा मुजावर पुलिस ने दंपति के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम को पकड़े गए दंपति का अपराधिक इतिहास भी बताया है।

# किशोरी हुई रफूचक्कर पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि गैर जनपद का युवक गांव में आता जाता था इस दौरान उसने नाबालिक पुत्री को अपने जाल में फंसा लिया और पुत्री उसके बहकावे में आकर घर से सोने चांदी के आभूषण और नगदी लेकर युवक के साथ चली गयी पीडित की तहरीर पर पुलिस ने युवक और उसके माता पिता सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने आरोप लगाया कि हरदोई जनपद के संडीला कोतवाली क्षेत्र के महसोना गांव में उसकी बहन और बेटी की ससुराल है इस लिहाज से उस गांव निवासी इन्वैस का गांव आना जाना लगा रहता था इसी बीच उसने सत्रह साल की नाबालिक पुत्री को अपने जाल में फंसा लिया दस फरवरी की शाम पुत्री सोने चांदी के आभूषण और नगदी लेकर उसके साथ भाग गयी इसकी जानकारी जब उसकी बहन व बेटी को हुई तो उनके घर शिकायत की तो उनके साथ गाली-गलौज किया गया पुलिस ने तहरीर के आधार पर इन्वैस, पिता मुन्ना उर्फ फूलचंद, मां नाम अज्ञात सहित तीन के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने कहा कि पिता की तहरीर पर पिता पुत्र और मां सहित तीन के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## मनचले युवक पर केस दर्ज,नाबालिग लड़की पर बातचीत का दबाव बनाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की पर बातचीत का दबाव बनाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह शिकायत द्वारिका नाथ खेड़ा मजरा लाउवासिंघन खेड़ा निवासी अर्चना यादव ने 19 फरवरी 2026 को मौरावां थाने में दर्ज कराई थी।अर्चना यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी आंचल जब भी घर से बाहर आती-जाती है, तो गांव का ही धर्मवीर पुत्र कैलाश यादव उसे रास्ते में रोककर बातचीत करने का दबाव बनाता है।शिकायत के अनुसार, जब लड़की इसका विरोध करती है, तो आरोपी धर्मवीर उसे जान से मारने की धमकी देता है और उसके पिता व भाई को भी जान से मारने की बात कहता है। वह गाली-गलौज भी करता है।थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने इस मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर धर्मवीर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच उपनिरीक्षक कृष्ण चंद्र मोहन सक्सैना को सौंपी गई है।

## सम्पादकीय

# युवा एआई को नए रूप में अपनाकर दक्षता निखारें

तेजी से बदलती दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब कोई भविष्य की कल्पना नहीं, बल्कि वर्तमान की ठोस वास्तविकता बन चुकी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, मीडिया और प्रशासन हर क्षेत्र में एआई की पैठ बढ़ रही है। ऐसे समय में युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह नहीं है कि एआई आएगा या नहीं, बल्कि यह है कि वे इसे किस रूप में अपनाते हैं। यदि युवा एआई को केवल आसान कामों का सहारा मानेंगे, तो उनकी मूल दक्षताएं कमजोर पड़ सकती हैं, लेकिन यदि वे इसे अपनी क्षमता बढ़ाने का उपकरण बनाएंगे, तो यही तकनीक उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। राजधानी नई दिल्ली में आयोजित पांच दिवसीय 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' इस बदलते परिदृश्य का प्रतीक है। समिट का मुख्य आयोजन भारत मंडपम में हो रहा है, जहां 70,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में 'एआई इम्पैक्ट एक्सपो' लगाया गया है। 300 से अधिक कंपनियां यहां अपने नवाचारों का प्रदर्शन कर रही हैं।लाइव डेमो के माध्यम से यह दिखाया जा रहा है कि एआई किस तरह रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित कर सकता है। यह केवल तकनीकी प्रदर्शनी नहीं, बल्कि भविष्य की झलक है। इस समिट में वैश्विक स्तर की बड़ी हस्तियों की मौजूदगी भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भागीदारी इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय महत्व देती है। वहीं, तकनीकी जगत की चर्चित हस्तियां सैम ऑल्टमैन, सुंदर पिचाई, एलेक्जेंडर वांग, डारियो आमोदेई और क्रिस्टियानो आमोन इस बात का संकेत हैं कि एआई अब वैश्विक सहयोग और प्रतिस्पर्धा का केंद्र बन चुका है। भारत से भी उद्योग जगत के दिग्गज जैसे मुकेश अंबानी, एन. चंद्रशेखरन और सलील पारेख की उपस्थिति यह दर्शाती है कि भारतीय उद्योग एआई को भविष्य की रणनीति का अहम हिस्सा मान रहा है। समिट का मुख्य लक्ष्य कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई के प्रभाव को बढ़ाना है। यदि एआई का सही उपयोग हो तो किसान फसल की बेहतर योजना बना सकते हैं, डॉक्टर सटीक निदान कर सकते हैं और छात्र व्यक्तिगत सीखने के अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। यह तकनीक केवल उत्पादकता नहीं बढ़ाती, बल्कि अवसरों के नए द्वार भी खोलती है। आसान कार्यों के लिए यदि हर बार एआई का सहारा लिया जाएगा, तो बुनियादी कौशल कमजोर पड़ सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि युवा एआई को प्रतिस्थापन नहीं, बल्कि सहयोगी के रूप में देखें। तकनीकी दक्षता, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और नैतिक समझ ये चार स्तंभ ही युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करेंगे। भारत पहले ही डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर चुका है। अब एआई के क्षेत्र में भी वह वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। डांसिंग रोबोट जैसे आकर्षक प्रदर्शन भले ही मनोरंजन का माध्यम लगें, पर इनके पीछे छिपी तकनीक यह संकेत देती है कि एआई आधारित रोबोट आने वाले समय में हमारे घरों, दफ्तरों और उद्योगों का हिस्सा बन सकते हैं। ऐसे में युवाओं के लिए यह समय तैयारी का है, नई तकनीकों को समझने और उन्हें रचनात्मक रूप से अपनाने का है। आज की युवा पीढ़ी के सामने विकल्प साफ है या तो वे एआई के बदलावों से डरकर पीछे रह जाएं, या फिर उसे अपना साथी बनाकर आगे बढ़ें। एआई का दौर आ चुका है, अब तय युवाओं को करना है कि वे इसके दर्शक बनेंगे या निर्माता।

# शिक्षण संस्थानों में जातीय नफरत की बढ़ती खाई



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

आज जब पूरी दुनिया में धर्म, जाति, नस्ल और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठ रहा है तब भारत की राजनीति इसी पर केंद्रित है। देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में इन दिनों जातीय कटुता का जहर घोला जा रहा है जिसमें सीधे तौर पर वोटबैंक की राजनीति है। यह आलम तब है जब टाइम्स हायर एजुकेशन के साल 2026 के रैंकिंग में दुनिया के शीर्षस्थ 100 यूनिवर्सिटीज़ में भारत का कोई भी यूनिवर्सिटी शामिल नहीं है। हम 'विकसित भारत -2047' का सपना देख रहे हैं जिसका सारा दारोमदार हमारे उच्च शिक्षा संस्थानों पर निर्भर है। विचारणीय है कि उच्च शिक्षा संस्थान ज्ञान और अनुसंधान के केंद्र होते हैं जहां नवाचार और समावेशी विकास की बात होती है लेकिन हमारे शिक्षा संस्थानों में इन दिनों जातीय नफरत के नारे सुनाई पड़ रहे हैं। विडंबना है कि हमारे छात्र और युवा सदियों पुराने जातिवाद के झगड़े में उलझ रहे हैं इन परिस्थितियों में भारत कैसे विकसित होगा?

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 'यूजीसी' के 'इक्विटी रेगुलेशंस 2026' के समर्थन और विरोध में देश के विश्वविद्यालयों में जातीय वैमनस्यता की खाई लगातार बढ़ती जा रही है। नये नियमों के खिलाफत और समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों को विभिन्न राजनीतिक दलों और जातीय संगठनों द्वारा भी खूब हवा दिया जा रहा है।सवर्ण जातियों के संगठन जहां इसे 'काला कानून ' बताते हुए नियमों को वापस लेने के लिए सड़कों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गए वहीं दलित, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के संगठन नये नियमों को उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता का अवसर देने वाला बताकर इसे लागू करने की मांग पर अड़े हुए हैं।

बहरहाल सुप्रीम कोर्ट द्वारा नये रेगूलेशंस पर रोक लगाने और मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च निश्चित करने के बावजूद दोनों वर्गों के संगठनों द्वारा किए जा रहे भड़काऊ प्रदर्शनों से अनेक सवाल पैदा हो रहे हैं। सवाल यह कि सुप्रीम अदालत के नये नियमों पर रोक के बावजूद इसके पक्ष और विपक्ष में हो रहे प्रदर्शनों को सुप्रीम कोर्ट और सरकार पर बेजा दबाव की कोशिश नहीं माना जाना चाहिए? क्या यह अदालत की अवमानना नहीं है? यदि प्रदर्शनकारियों के मंसूबे यही है तो इस मुद्दे पर हो रहे सभी प्रदर्शनों पर सख्ती आवश्यक है। आखिरकार यह सरकार और सुप्रीम कोर्ट के साख के साथ ही देश के सामाजिक सौहार्द से जुड़ा मसला है। सियासी दलों और जातीय संगठनों से भी सवाल है कि शिक्षा के परिसरों में धर्म और जाति का जहर घोलकर देश को अराजकता के आग में झोंकना कितना उचित है? देश 1990 में मंडल कमीशन रिपोर्ट लागू करने के बाद हुए हिंसा, आगजनी और आत्मदाह के दंश को नहीं भूला है।



सोशल मीडिया आज आम आदमी के जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है जिससे सभी उम्र के लोग जुड़े हुए हैं। विडंबना है कि सोशल मीडिया जातीय नफरत की आग में लगातार घी डाल रहा है। सोशल मीडिया पर गौर करें तो इस मुद्दे पर यूजर्स के बीच लगातार टकराव बढ़ रहा है और लोगों के बीच मर्यादा की सीमा भी टूट रही है।सोशल मीडिया इस मुद्दे पर जिस तरह से आपत्तिजनक कंटेंट को बढ़ावा दे रहा है उससे इस माध्यम के जवाबदेही पर भी सवालिया निशान लग रहा है। इस बीच अहम सवाल यह भी कि विश्वविद्यालय कैंपस में बढ़ रहे इस जातीय तनाव पर सरकार और प्रशासन क्यों चुप्पी साधे हुए है?

गौरतलब है कि देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठित समझे जाने वाले दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी 'जेएनयू' और दिल्ली यूनिवर्सिटी ' डीयू' इन प्रदर्शनों के केंद्र बने हुए हैं। इन संस्थानों में हो रहे प्रदर्शनों में राजनीतिक दलों के छात्र संगठनों की प्रमुख भूमिका है जिसके पीछे जातीय संगठनों की सहभागिता है। वामपंथी फ्रंट से जुड़े 'अईसा' , 'एसएफआई', 'डीएसएफ' , 'एआईएसएफ',समाजवादी, दलित, आदिवासी, ओबीसी और अंबेडकरवादी छात्र संगठन जहां यूजीसी नियमों को लागू करने पर अड़े हुए हैं वहीं दक्षिणपंथी छात्र संगठन 'एबीवीपी' उपरोक्त प्रदर्शनों के खिलाफ आवाज उठा रहा है। नये नियमों के पक्ष और विपक्ष में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के दौरान कैंपस में छात्रों के गुटों के बीच झड़पों की खबरें भी सामने आ रही है। इन विश्वविद्यालयों के स्टूडेंट्स यूनियन में वामपंथी छात्र संगठनों ' लेफ्ट यूनिटी' का कब्जा है जो यूजीसी नियम के समर्थन में सवर्ण जातियों को अपने निशाने पर ले रहे हैं। इस यूनिवर्सिटी के छात्र केवल कैंपस में ही नहीं बल्कि दिल्ली के जंतर-मंतर में भी यूजीसी के समर्थन में ब्राम्हण के साथ ही अन्य सवर्ण जातियों के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी कर रहे हैं फलस्वरूप छात्रों के गुटों के बीच झड़प और जातीय कटुता बढ़ती जा रही है। बीते दिनों दिल्ली यूनिवर्सिटी में वामपंथी छात्र संगठन 'आईसा' और भीम आर्मी के अगुवाई में हो रहे प्रदर्शन के दौरान सवाल पूछने वाले एक महिला यूट्यूबर के साथ प्रदर्शनकारियों ने बदसलूकी और हाथापाई कर दिया जिसके बाद कैंपस में तनाव बढ़ गया। 'एबीवीपी' के छात्र इस घटना के बाद महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के समर्थन में सामने आ गए फलस्वरूप दोनों संगठनों के छात्रों के बीच जमकर टकराव हो गया।

जेएनयू स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा 9 फरवरी 2026 को द्वारा 2001 के संसद हमले के दोषी अफजल गुरु को फांसी दिए जाने के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान जहां प्रदर्शनकारियों ने कश्मीर की आजादी को लेकर 'भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार' जैसे राष्ट्रविरोधी नारे लगाए गए। इस दौरान वामपंथी स्टूडेंट्स और एबीवीपी के छात्रों के बीच टकराव हुआ। बाद में इस मामले पर पुलिस कार्रवाई हुई तथा जेएनयू स्टूडेंट्स यूनियन के अध्यक्ष कन्हैया कुमार सहित अनेक छात्रों की गिरफ्तारी हुई थी। मोदी सरकार के 'सीएए-एनआरसी' बिल के खिलाफ जेएनयू में आंदोलन हुआ था और इसी दौरान 5 मार्च 2020 को कुछ नकाबपोश लोगों द्वारा कैंपस में घुसकर शिक्षकों और छात्रों पर हमला किया गया। इसी साल 6 जनवरी को कैंपस में उक्त घटना की छठवीं बरसी पर यहां के स्टूडेंट्स यूनियन ने एक कार्यक्रम रखा था।

अलबत्ता यूजीसी के नये रेगुलेशन को लेकर केवल दिल्ली में ही घमासान नहीं मचा है बल्कि देश के अनेक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में इस कानून के पक्ष और विपक्ष में छात्र संगठनों के बीच तनातनी मची हुई है।उत्तरप्रदेश के बनारस हिंदू विश्वविद्यालय 'बीएचयू', इलाहाबाद, गोरखपुर यूनिवर्सिटी और लखनऊ यूनिवर्सिटी में भी यूजीसी कानून के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान आपत्तिजनक नारेबाजी और तनाव की खबरें हैं। लखनऊ यूनिवर्सिटी में 'समता संवर्धन मार्च' के दौरान वामपंथी, कांग्रेसी, समाजवादी, दलित और अंबेडकरवादी छात्र संगठनों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। ' बीएचयू ' में भी यूजीसी कानून के पक्ष और विपक्ष में हो रहे प्रदर्शन के दौरान छात्रों के दो गुटों के बीच टकराव की खबरें हैं। इस विश्वविद्यालय के दीवारों पर भारत और ब्राह्मण विरोधी आपत्तिजनक नारे लिखे गए थे। इसी तरह गोरखपुर यूनिवर्सिटी में भी इस गाइडलाइंस के समर्थन और विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान कैंपस का माहौल गर्म हो गया है।इस यूनिवर्सिटी के कैंपस में भी सवर्ण समाज और नरेंद्र मोदी व योगी आदित्यनाथ के खिलाफ नारेबाजी हुई। यूजीसी के नये दिशा-निर्देश को लेकर राजस्थान, बिहार और झारखंड के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में प्रदर्शन की खबरें हैं। अलबत्ता इन प्रदर्शनों पर गौर करें तो यूजीसी के नए इक्विटी नियम के खिलाफत करने वालों के निशाने पर केंद्र सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग था उन्होंने अपने प्रदर्शन के दौरान कभी भी एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के खिलाफ कोई भी टिप्पणी नहीं की। इसके इतर सुप्रीम कोर्ट द्वारा नये गाइडलाइंस पर रोक लगाने के बाद वामपंथी छात्र संगठनों के अगुवाई में हो रहे प्रदर्शनों में सीधे तौर पर ब्राह्मण, राजपूत, वैश्य सहित अन्य सवर्ण समाज के बारे में लगातार भड़काऊ और आपत्तिजनक नारेबाजी की जा रही जो अत्यंत चिंताजनक है। अलबत्ता देश के शिक्षण संस्थानों में छात्रों के साथ जातिगत, क्षेत्रवाद और लैंगिक आधार पर भेदभाव की खबरों को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है। यूजीसी ने संसदीय समिति को सौंपे अपने रिपोर्ट में बताया है कि बीते पांच सालों के दौरान उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव में 118 फीसदी वृद्धि हुई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ही नया विनियमन जारी किया गया था लेकिन अदालत ने इन नियमों को अस्पष्ट बताते हुए इसके दुरुपयोग की संभावना जताई है। चूंकि मामला सुप्रीम कोर्ट के निगरानी में है लिहाजा इस रेगुलेशंस के समर्थन और विरोध में हो रहा प्रदर्शन किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इन परिस्थितियों में सभी वर्ग के छात्रों और छात्र संगठनों से अपेक्षा है कि वे देश के सामाजिक सौहार्द और समरसता के दृष्टिगत कोई भी ऐसा कदम न उठाएं जिससे शिक्षा परिसरों की मर्यादा और शुचिता पर आंच आए।

## मुद्दा




डॉ. मोनिका शर्मा

# शादी के वादे और शोषण के जाल से सजग रहें महिलाएं

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने महिलाओं के लिए विवाह पूर्व शारीरिक संबंध बनाने को लेकर सजग रहने का प्रभावी संदेश का दिया। ज्ञात हो कि इस विषय पर सुप्रीम अदालत की रेखांकित करने योग्य टिप्पणियां एक 30 वर्षीय महिला की शिकायत से जुड़े मामले में आई हैं। मैट्रिमोनियल साइट के माध्यम से 2022 में आरोपी से मिली महिला के मुताबिक आरोपी ने पहले से शादीशुदा होने के बावजूद शादी का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने दिल्ली और फिर दुबई में कई बार उसके साथ संबंध बनाए। इतना ही नहीं, दुबई में उसकी बिना अनुमति के अंतरंग वीडियो भी बना लिए। विरोध करने पर वीडियो को उसे ब्लैकमेल करने के लिए इस्तेमाल किया और वायरल करने की धमकी भी दी। बाद में 2024 में आरोपी ने पंजाब में किसी दूसरी महिला से शादी कर ली। हालिया बरसों में कभी सहमति तो कभी बहकावे में आकर शारीरिक सबन्ध बनाने के बाद आरोप-प्रत्यारोप के मामले तेजी से बढ़े हैं। किशोरिया और युवतियां ही नहीं परिपक्व उम्र की महिलाएं जाने-अनजाने शारीरिक शोषण के इस जाल में फंस रही हैं। यह स्थिति आपराधिक आंकड़े बढ़ाने वाली ही नहीं, संबंधों में भरोसे के भाव को कमजोर करने वाली भी है। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणियां हर आयु वर्ग की महिला के लिए अपने सम्मान को सहेजने और सुरक्षित रहने के दिशानिर्देशों के समान हैं।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाने से पहले लोगों को बहुत सावधानी बरतने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि



'शायद हम पुराने खयालात वाले हैं, लेकिन शादी से पहले लड़का और लड़की कानूनी और सामाजिक रूप से अजनबी ही होते हैं। रिश्ते कितने भी गहरे क्यों न हों, शादी पक्की होने तक शारीरिक सम्बन्धों में जाना समझ से परे है। शादी से पहले किसी पर भी पूरी तरह भरोसा नहीं करना चाहिए। लोगों को बहुत सतर्क रहना चाहिए।' निस्संदेह, न्यायालय की टिप्पणियां महिलाओं को व्यावहारिक और जागरूक रहने का सन्देश देने वाली हैं। हालांकि, अब समाज में उदारवादी दृष्टिकोण बढ़ रहा है पर ऐसे संबंधों के परिणाम और उनसे जुड़े शारीरिक-मानसिक शोषण से बचने के लिए स्त्रियों को स्वयं भी सजग होना होगा। आज की महिलाएं घर और बाहर अपनी मौजूदगी दर्ज करवा रही हैं। हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। ऐसे में कोई भी पढ़ी-लिखी महिला ऐसे संबंधों के मामले में अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। कहना गलत नहीं होगा कि शोषण और धोखाधड़ी के ऐसे मामलों में झांसा देने की दलील भी उचित नहीं लगती। कानून ही नहीं, समाज और परिवार भी यह नहीं मानेगा कि शिक्षित-सजग महिला ने बहकावे में आकर संबंध बनाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में भी महिला से पूछा कि 'आखिर दुबई तक इतनी दूर क्यों गई? यह तो आपसी सहमति से हुआ लगता है। ऐसे मामलों में जहां शारीरिक संबंध दोनों की मर्जी से बनाए गए हों, वहां बलात्कार का केस चलाना और सजा देना ठीक नहीं लगता।' स्पष्ट है कि इस केस को लेकर न्यायालय का सार्थक संवाद और सवाल सब कुछ विचारणीय है। हमारे देश में अधिकतर कानूनी प्रावधान महिलाओं की सहायता के लिए ही बने हैं, लेकिन इन प्रावधानों का इस्तेमाल महिलाएं अपने ही निर्णय के नकारात्मक परिणाम से बचने के लिए नहीं कर सकतीं। चिंतनीय यह भी है कि तमाम आधुनिकताओं के बावजूद महिलाओं को लेकर लोगों की मानसिकता नहीं बदली है। स्त्रियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के आंकड़े समाज के समक्ष सबसे बड़ी चिंता बने हुए हैं। बावजूद इसके शादी के वादों-इरादों के नाम पर शारीरिक संबंध बनाने के बाद आरोप लगाने के वाकये भी खूब हो रहे हैं। तकलीफदेह यह भी है कि इन मामलों से महिलाओं का ही पक्ष कमजोर होता है।

# मन को अच्छी बातों से जोड़ें



संकलित

दर्शन

नए साल में संकल्प करने की परंपरा है। बहुत-से लोग बहुत प्रकार के संकल्प करते हैं, जैसे- वजन कम करेंगे, मीठा नहीं खाएंगे, झूठ नहीं बोलेंगे। ऐसे संकल्प करना भी अच्छी बात है, क्योंकि उससे भी आपके मन की शक्ति बढ़ जाती है और मन की कमजोरी दूर हो जाती है। बहुत-से लोग संकल्प तो करते हैं, परंतु उसे पूरा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि मन बेईमान हो जाता है। जरूरी है कि हम अपने मन पर नियंत्रण करें। उसके गुलाम नहीं बने। यह कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। इसके लिए जरूरी है ईमानदारीपूर्वक निरंतर प्रयास करने की। जैसे पानी के लिए नीचे गिरना आसान और सहज होता है, परंतु अगर उसे ऊपर उठाना हो, तो मोटरपंप की जरूरत पड़ती है। ऐसे ही हमारे मन के लिए नीचे गिरना आसान और सहज है। मन को ऊंचा उठाना बहुत मुश्किल है। मन के लिए अच्छी बातों से जुड़ना बहुत मुश्किल है, उनको छोड़ देना सहज है।मन की आदतें ऐसी होती हैं कि उन्हीं आदतों में मन को सुविधा महसूस होने लगती है। हमारा मन कुछ आदतों को पाल लेता है और उन्हीं में खुश रहता है। अगर आप अपनी दिनचर्या में साधना को बढ़ाने का संकल्प करते हैं, तो उसको बिना किसी अटकाव के सालभर चलाते रहना बहुत जरूरी है। भूतकाल बीत चुका है, परंतु वर्तमान आपके हाथ में है, इसलिए आनेवाले कल में क्या होगा, यह आपके आज पर निर्भर करता है। अगर आप अपने आज को साधनापूर्ण, शांतिपूर्ण और सुंदर बना लोगे, तो निश्चित रूप से आपका कल भी वैसा ही होगा।

# माता-पिता और गुरु के ऋणों से कैसे मुक्त हों



संकलित

प्रेरणा

वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उनके दर्शन के लिए लोगों की लाइनें लगी रहती हैं। भक्त महाराज जी का दर्शन करते ही हैं, साथ में उनसे सवाल भी पूछते हैं। ऐसे ही एक भक्त ने प्रेमानंद महाराज जी से सवाल पूछा कि इसी जन्म में माता-पिता और गुरु के ऋण से मुक्त होने के क्या उपाय है? ताकि सभी ऋण उतरने से और नाम जप के प्रभाव से दोबारा जन्म ना लेना पड़े। चलिए जानते हैं कि प्रेमानंद महाराज जी ने क्या जवाब दिया। महाराज जी कहते हैं कि नाम जप करते हुए जब हमारा भगवत साक्षात्कार हो जाता है। उन्होंने बताया कि एकादशी स्कंध में भागवत में लिखा हुआ है उद्धव जी को भगवान उपदेश करते हैं कि जिसको मेरी प्राप्ति हो जाती है, तो वह समस्त ऋणों से मुक्त हो जाता है। भगवान की प्राप्ति होते ही ऋषि ऋण, मातृ-पितृ, देव, गुरु ऋण सभी ऋणों से मुक्त हो जाता है। पर भगवान की प्राप्ति होनी चाहिए। प्रेमानंद महाराज जी कहते हैं कि भगवान की प्राप्ति का कलयुग में सहज और सरल उपाय है- नाम जप। तो नाम का आधार लेकर निरंतर नाम जप करें, तो भगवत प्राप्ति होगी। वो कहते हैं कि निरंतर नाम जप तभी होगा, जब हमारा आहार पवित्र होगा, हमारे आचरण ठीक होंगे। आचरण गलत हो, नाम गलत हो तो नाम घसीटने पर भी नहीं चलता, मन नहीं लगता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल है, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके निःशुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं।

*-विजय साहू , रायपुर*

## ट्रेंड

### एआई का उपयोग



भारतीय युवा पिछली पीढ़ियों से अलग सोच रखते है। शिक्षा में एआई और एआई में शिक्षा परस्पर जुड़े हुए है। मैं अपने युवाओं से आह्वान करता हू कि वे एआई का उपयोग शिक्षा देने, इसे अपनाने, सशक्त बनाने और ऐसे अभूतपूर्व पहल करने के लिए करें जो भारत को एआई क्षेत्र में एक सशक्त शक्ति के रूप में स्थापित करें।

- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### अस्पतालों की उपेक्षा



भाजपा सरकार ने सपा काल में बने मेडिकल कॉलेज, कैंसर इंस्टीट्यूट व अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की है। भाजपाइयों ने अपने कार्यालय, और आयुष यूनिवर्सिटी तो खोल ली है परंतु जनहित के आम अस्पतालों की पूरी तरह उपेक्षा की है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### नशा मुक्त पंजाब



पंजाब में पिछले एक साल में 2000 किलो से ज्यादा नशा बरामद, बड़े तस्कर जेल में और अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चला है। आम आदमी पार्टी सरकार का साफसंदेश है, पंजाब में नशा तस्कर नहीं बचेंगे। नशा मुक्त पंजाब बनाकर ही दम लेंगे।

-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### एआई की दुनिया



एआई की दुनिया में नए सीईओ का आगमन हो चुका है। हर कोई संभावित रूप से सीईओ है... और कोई भी सीईओ नहीं है। एआई की दुनिया में शीर्ष-स्तरीय संगठन व्यवस्था समाप्त हो चुकी है।

- शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# एआई में स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों के बोझ कम करने की क्षमता


कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( एआई ) में स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों के बोझ कम करने और चिकित्सक-रोगी संबंधों को मजबूत करने की क्षमता है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने सोमवार को कहा कि भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026 के तहत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभाव के लिए एआई का विस्तार : सार्वजनिक-निजी भागीदारी विषय पर आयोजित उच्चस्तरीय सामूहिक परिचर्चा में श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत की स्वास्थ्य प्रणाली राष्ट्रीय स्तर पर अंतर-संचालनीय डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में विकसित हुई है।




## ऑफ बीट

# होता कुछ है, देखते कुछ हैं भ्रम में कुछ प्रजातियां

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम



अवधारणात्मक त्रुटियां है, जो संभवतः हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया

## संक्षेप

### बैंक मित्र से 90 हजार की लूट

**तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर रुकवाई बाइक, मारपीट भी की**

अमेठी , बाजार शुकुल थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम एक बैंक मित्र से तमंचे के बल पर 90 हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट लिया गया। नीमपुर नहर के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर बैंक मित्र के साथ मारपीट भी की गई। पीड़ित बैंक मित्र की पहचान पूरे देवी तिवारी निवासी राम सिंह यादव के रूप में हुई है। वह बैंक ऑफ बड़ौदा की जगदीशपुर शाखा से संबद्ध हैं और बाजारशुकुल के दारानगर गांव में एक बीसी सेंटर संचालित करते हैं। राम सिंह यादव मंगलवार शाम अपना केंद्र बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। नीमपुर नहर के पास पहुंचते ही एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने उन्हें रोक लिया। हमलावरों ने तमंचा दिखाकर उनके हाथ से 90 हजार रुपये से भरा बैग और मोबाइल फोन छीन लिया। जब राम सिंह यादव ने विरोध किया, तो बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और लात-घूंसों से पीटा। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश मौके से फरार हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कई लोगों के हिरासत पर लेकर पूछताछ किया जा रहा है।जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल जा रही है।

### व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला

**ग्रामीणों ने खेत में ट्यूबवेल के पास देखा, परिजनों ने नीचे उतारा**

अमेठी , कोतवाली क्षेत्र के परसावां गांव में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान परसावां गांव निवासी 47 वर्षीय राम शिरोमणि यादव पुत्र श्याम बिहारी यादव के रूप में हुई है। बुधवार को गांव से कुछ दूरी पर स्थित खेत में ट्यूबवेल के पास ग्रामीणों ने उनका शव फांसी के फंदे से लटका देखा। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। परिजनों ने शव को फंदे से नीचे उतारा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अमेठी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।मृतक राम शिरोमणि यादव अपने पीछे एक बेटी और दो बेटे छोड़ गए हैं, जो सभी बालिग हैं। घटना के बाद अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन एकत्र हो गए। मृतक के पिता श्याम बिहारी यादव ने बताया कि राम शिरोमणि सुबह घर पर ही थे। उन्होंने रोज की तरह गाय-भैंस को चारा दिया और ब्रश किया। इसके बाद वह कब और कहां चले गए, इसकी जानकारी परिवार को नहीं हुई। कुछ देर बाद गांव के लोगों ने उनके पेड़ से लटके होने की सूचना दी

# महासंघ व बीएसए से वार्ता, चयन वेतन मान का हुआ आदेश

## 65 शिक्षकों की वार्षिक बाधित वेतन वृद्धि होगी बहाल

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच द्वारा ज्वलंत शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए 19 फरवरी के धरना-प्रदर्शन से पूर्व बीएसए आशीष कुमार सिंह नें पत्र जारी कर जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में पदाधिकारियों कों वार्ता के लिए आमंत्रित किया था।

लम्बे समय से लंबित चल रही शिक्षकों की मांग के क्रम में चयन वेतनमान का हस्ताक्षरित आदेश तथा अवशेष सभी का चयन वेतनमान जारी करने, विकास खंड पयागपुर के एफएलएन प्रशिक्षण के दौरान 65 शिक्षक- शिक्षिकाओ की अस्थाई रूप से वार्षिक वेतन वृद्धि बहाल करने, ऑफलाइन निरीक्षण पर रोक, बाल्य देखभाल अवकाश एक बार में 30 दिन की स्वीकृति, पात्र शिक्षक-शिक्षिकाओ कों दिव्यांग भत्ते का नियमानुसार भुगतान,निरीक्षण के दौरान शिक्षकों का पक्ष जाने बिना कोई भी विभागीय कार्यवाही न करने,इंचार्ज प्रधानाध्यापकों कों प्रधानाध्यापक पद का वेतन भुगतान सहित अन्य मांगो के सम्बन्ध में बीएसए आशीष कुमार सिंह व महासंघ के पदाधिकारियों के मध्य हुई वार्ता में बनी सहमति के क्रम में जनपद के लगभग 1900 शिक्षकों के चयन वेतनमान स्वीकृति का तत्काल आदेश जारी किया गया।जारी आदेश के मुताबिक 1454 प्राथमिक शिक्षक, 38 जूनियर शिक्षक वही 404 प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापक तथा जूनियर के सहायक अध्यापकों कों भी चयन वेतनमान का लाभ दिया गया है, साथ ही साथ विकासखंड पयागपुर के 65 शिक्षकों की बाधित वेतन वृद्धि बहाल करने एवं अन्य सभी समस्याओं को समाधान हेतु बीएसए के द्वारा महासंघ को लिखित कार्यवृति दी गई है। उक्त प्रकरण लम्बे समय से लंबित था और महासंघ लगातार इसकी मांग रहा था। जनपद के शिक्षकों ने महासंघ के इस कदम का स्वागत करते हुए शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय व जीत बताया। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा कि शेष सभी लंबित समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने की मांग करते हुए पुनः चेतावनी दी है कि यदि दिए गए समय पर सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वृहद आंदोलन का रास्ता अपनाया जायेगा। हालांकि विभागीय सूत्र बताते है कि शेष प्रकरणों की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही उनका भी निस्तारण किये जाने की सम्भावना है।पंकज कुमार वर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उमेश चंद्र त्रिपाठी जिला महामंत्री सगीर अंसारी जिला कोषाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा है कि, महासंघ शिक्षक हितों से कोई समझौता नहीं करेगा आर पार की लड़ाई लड़ेगा। प्रतिनिधि मंडल में शिव शंकर पाठक, आसिफ खान,सुरूर अख्तर,रुपाली शरण श्रीवास्तव, राघवेंद्र प्रताप सिंह,चंद्रेश कुमार राजभर,धनंजय पाण्डेय,कुमार अभय, प्रतिमा पांडेय, धर्मेंद्र सिंह राठौर,अरविन्द शर्मा, मिथिलेश कुमार मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष फखरपुर मौजूद रहे।

# नानपारा में 22 फरवरी को आयोजित होगा विशेष अभियान दिवस

## एसडीएम मोनालिसा जौहरी की कार्यशैली से लाभान्वित हो रहे लोग

**मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा**

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। विधानसभा क्षेत्र 283-नानपारा की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मोनालिसा जौहरी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सम्प्रति चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में 22 फरवरी, 2026 (रविवार) को विशेष अभियान संचालित किया जायेगा। अभियान दिवस पर समस्त बीएलओ अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर अर्ह मतदाताओं से दावें और आपत्तियां प्राप्त करेगें। जबकि सभी सुपरवाइजर और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर छूटे मतदाताओं का सत्यापन कर मतदाताओं के नाम बढ़ाने, नो मैपिंग तथा तार्किक विसंगतियों की श्रेणी से संबंधित मतदाताओं की सुनवाई भी करेंगे। श्रीमती जौहरी ने बताया कि विशेष अभियान तिथि को अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के ऐसे पात्र व्यक्ति जिनका नाम अभी भी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वे अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 में आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त डुप्लीकेट, शिफ्टेड तथा मृतक मतदाताओं के नामों को कटवाने के लिए प्रारूप-7 तथा नाम या अन्य किसी विवरण में संशोधन कराने तथा एक ही विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानान्तरित कराने के लिए फार्म-8 में आवेदन कर सकते हैं। विशेष अभियान दिवस में ऐसे मतदाता जिन्हें नोटिस जारी हुई है वह भी मतदेय स्थलों पर जाकर अपनी सुनवाई बीएलओ के द्वारा करा सकते हैं। श्रीमती जौहरी ने समस्त नागरिकों का आहवान किया है कि इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठायें। उन्होंने बताया कि इस कार्य में बीएलओ के सहयोग के लिए आंगनवाड़ी, ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान, आशा, ग्राम विकास अधिकारी व अन्य ग्राम स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे।

# समग्र शिक्षा अभियान के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच। समग्र शिक्षा (समेकित शिक्षा) अभियान के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबागंज (नवाबगंज) केंद्र पर दिव्यांग स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शिक्षकों को दिए जा रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया। इसमें प्राथमिक,उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के 50 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि, शिक्षा का अधिकार कानून और नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यह समग्र शिक्षा (समेकित शिक्षा) प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्पेशल एजुकेटर विनोद कुमार सिंह व अशोक कुमार नें बहु-दिव्यांगता, स्किल सेल रोग, थैलेसीमिया,हीमोफीलिया, मल्टीपल स्कलेरोसिस, मानसिक रोग, बौद्धिक दिव्यांगता पर चर्चा- परिचर्चा पर विस्तृत जानकारी शिक्षकों कों प्रशिक्षण में दी गई। इस मौके पर अरविन्द वर्मा, रमेश सोनकर, धर्मेंद्र श्रीवास्तव,दीपक शर्मा, अजय मिश्रा, धर्मेंद्रपाल, नवनीत



प्रेमी,संदीप वर्मा, हरेंद्र चौधरी, रेखा वर्मा, शशिप्रभा, गीता,प्रगति शर्मा, प्राची शर्मा जीतेन्द्र कौशल,अविनाश चंद, जब्बार अली, अमित ओमप्रकाश वर्मा , आनंद प्रकाश आर्य, पुष्पा वर्मा,सहित अन्य शिक्षक -शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# होली व रमजान ईद को लेकर कैसरगंज थाने में शांति समिति बैठक

## प्रशासन ने दिए सख्त दिशा-निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। होली एवं रमजान ईद के मद्देनजर आज दिनांक 20 फरवरी 2026 को कैसरगंज थाना परिसर में एक विशाल शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के लगभग सभी गांवों से आए सैकड़ों की संख्या में संभ्रांत नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक लोग शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए उपजिला अधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि होली और रमजान ईद दोनों ही पर्व आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश देते हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी



प्रकार की अफवाह, उकसावे या शांति भंग करने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।पुलिस क्षेत्राधिकारी डी. के. श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों और युवाओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।वहीं कोतवाली प्रभारी थाना अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि होली के दौरान रंग, गुलाल और जुलूस के समय मयार्दा का पूरा ध्यान रखा जाए तथा रमजान ईद के अवसर पर नमाज और अन्य धार्मिक कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाएं। किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की गई।बैठक में मौजूद संभ्रांत नागरिकों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि क्षेत्र में सद्भावना बनाए रखने के लिए वे स्वयं भी जागरूकता फैलाएंगे। बैठक के अंत में सभी लोगों से यह संकल्प दिलाया गया कि वे आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएंगे और शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन का पूरा साथ देंगे। यह बैठक क्षेत्र में शांति, सौहार्द और आपसी विश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल मानी जा रही है।

# तेज रफ्तार टैंकर की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल

**अमन लेखनी समाचार**

फखरपुर/कैसरगंज, बहराइच। दिनांक 19 फरवरी 2026 की रात्रि लगभग साढ़े ग्यारह बजे, ग्राम लालपुर जलालपुर के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। लखनऊ की ओर से तेज गति से आ रहे एक टैंकर ने गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के दौरान टैंकर ने पास से गुजर रहे ध्वनि यंत्र लदे मालवाहक वाहन को भी साइड से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मालवाहक वाहन में सवार शाहिद अली पुत्र अकबर, विशाल पाण्डेय पुत्र शिव कुमार तथा जक्की पुत्र पप्पू, निवासी कपूरपुर, थाना कैसरगंज गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर पहुंचाया गया, जहां से जक्की की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय बहराइच रेफर किया गया। उपचार के दौरान



जक्की की मौत हो गई। अन्य दोनों घायलों का उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया गया तथा मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।

# अमेठी में करंट से महिला की मौत

## मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया, गांव में तनाव

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी , थाना क्षेत्र के घूरे का पुरवा गांव में सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, घूरे का पुरवा निवासी चेतना सुबह विद्युत करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गई थी। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चेतना के मायके पक्ष के लोग, जो गौरीगंज थाना क्षेत्र के पूरे शिवदीन टिकरिया गांव के निवासी हैं, अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मायके पक्ष का आरोप है कि चेतना की मौत करंट से नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से की गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों को मौके से हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया।सीओ अखिलेश वर्मा ने भी मौके पर पहुँचकर दोनो पक्षो से बातचीत की। पुलिस का कहना है कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# 'यूजीसी का नया नियम सामान्य वर्ग पर हमला'

## अलीगढ़ में क्षत्रिय करणी सेना का विरोध, राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- दिल्ली में 8 मार्च को आंदोलन होगा

**अमन लेखनी समाचार**



अलीगढ़ , यूजीसी कानून के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर क्षत्रिय करणी सेना ने प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत के नेतृत्व में कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और यूजीसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस नए नियम को काला कानून करार देते हुए तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग उठाई। कार्यकताओं ने यूजीसी रोलबैक के नारे लगाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन एसीएम प्रथम को ज्ञापन सौंपा।

### सामान्य वर्ग के अधिकारों पर हमला

डॉ. शेखावत ने कहा कि यूजीसी का नया नियम सामान्य वर्ग के अस्तित्व और उनके संवैधानिक अधिकारों पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अधिसूचना के माध्यम से एक सुनियोजित तरीके से सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को हाशिए पर धकेलने की साजिश रची जा रही है।

### समानता का उल्लंघन

उन्होंने कहा कि नए कानून में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों का स्पष्ट उल्लेख है, लेकिन सामान्य वर्ग को पूरी तरह से विमर्श से बाहर रखा गया है। यह न केवल संवैधानिक चूक है, बल्कि समानता के अधिकार का खुला उल्लंघन भी है।कानून का हो सकता है गलत इस्तेमालडॉ. शेखावत ने कहा कि इसमें उत्पीड़न की जो परिभाषा दी गई है, वह पूरी तरह एकतरफा है। नए नियमों में गरिमा के विरुद्ध और भावनात्मक रूप से आहत करने जैसे अस्पष्ट शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, जिसकी आड़ में सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को आसानी से झूठे मामलों में फंसाकर ब्लैकमेल किया जा सकता है।यूजीसी से शिक्षण संस्थानों में बनेगा भय का माहौलउन्होंने कहा कि इन नियमों के लागू होने से उच्च शिक्षण संस्थानों की मूल आत्मा यानी स्वस्थ विमर्श और तार्किक असहमति पूरी तरह खत्म हो जाएगी। इससे परिसर अविश्वास और भय के केंद्र बन जाएंगे। झूठी शिकायतों के खिलाफ दंड का कोई प्रावधान न होना इस कानून को और भी खतरनाक बनाता है।पुराना एंटी-रैगिंग एक्ट लागू करने की मांग उन्होंने घोषणा की कि स्वर्ण समाज समन्वय समिति के बैनर तले पूरे देश के सामान्य वर्ग के संगठनों को एकजुट किया गया है।

इसी के तहत 8 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक विशाल और महा-आंदोलन का आयोजन किया जाएगा।

# एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस लाइन परेड का निरीक्षण किया

## जवानों के साथ खुद भी दौड़ लगाई, अनुशासन बनाए रखने के निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**



शाहजहांपुर , पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड की सलामी ली और जवानों की वर्दी, टर्न आउट, शस्त्र संचालन, अनुशासन तथा ड्रिल का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने स्वयं पुलिसकर्मियों के साथ दौड़ लगाई, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ। उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक रूप से सुदृढ़, मानसिक रूप से सजग और अनुशासित रहने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि प्रभावी पुलिसिंग के लिए फिटनेस और तत्परता अत्यंत आवश्यक है। इसके उपरांत, पुलिस अधीक्षक ने डॉग स्क्वॉड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने डॉग हैंडलर से श्वान दल के प्रशिक्षण, रख-रखाव और कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने आरटीसी बैरक और आरटीसी मैस का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्वच्छता, अनुशासन और व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। एमटी सेक्शन का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक ने वाहनों की स्थिति, रखरखाव, स्वच्छता, फिटनेस, लॉगबुक और सुरक्षा उपकरणों की जांच की। उन्होंने सभी वाहनों को सदैव कार्यशील और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए, ताकि आपात स्थिति में त्वरित पुलिस रिस्पॉन्स सुनिश्चित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान, पुलिस अधीक्षक ने समस्त पुलिस बल को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, समयपालन और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# टेली लॉ गरीबों, जरूरतमंदों के लिए उपयोगी

## प्रतापगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम; घर बैठे मिलेगी कानूनी सहायता

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़ , विकास भवन सभागार में टेली लॉ योजना पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों कॉमन सर्विस सेंटर वीएलई ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतापगढ़ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव और अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन शम्भवी जी भी उपस्थित रहीं। राज्य समन्वयक टेली लॉ वागीश सिंह ने बताया कि डिजिटल युग में टेली लॉ गरीबों और जरूरतमंदों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहा है। इसके माध्यम से उन्हें घर बैठे कानूनी सहायता उपलब्ध हो रही है। उन्होंने जोर दिया कि यह योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का एक भरोसेमंद माध्यम बन चुकी है। सिंह ने कहा कि प्रारंभिक कानूनी सलाह मिलने से नागरिक अपने अधिकारों को बेहतर ढंग से समझ पा रहे हैं। कई मामलों में विवाद अदालत तक पहुंचने से पहले ही सुलझ रहे हैं। उन्होंने वीएलई को टेली लॉ का सबसे मजबूत स्तंभ बताया और कहा कि उनकी सक्रिय भूमिका से ग्रामीण व वंचित वर्ग को समय पर कानूनी मार्गदर्शन मिल रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शम्भवी जी ने इस योजना को आम जनमानस के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि यह लोगों को उनके अधिकारों की रक्षा करने और न्याय को सुलभ बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने 22 फरवरी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित होने वाले मेगा कैंप की भी जानकारी दी। उनके नेतृत्व में कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कर उपस्थित वीएलई और प्रतिभागियों को न्याय, समानता और विधि के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

# कार 6 बार पलटी, बाप-बेटे समेत 3 की मौत

## रायबरेली में पेड़ से टकराई, दुल्हन के भाई समेत 2 घायल

**अमन लेखनी समाचार**



रायबरेली , कार बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। इसके बाद कार 6 बार पलटी खाते हुए खाई में गिर गई। हादसे में बाप-बेटे समेत 3 लोगों की मौत हो गई। दुल्हन के भाई और उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। बुलंदशहर और अलीगढ़ के रहने वाले तीन लोग बारात में शामिल होने के लिए आए थे। वे ट्रेन से रायबरेली पहुंचे थे। दुल्हन का भाई अपने दोस्त के साथ उन्हें रिसीव करने पहुंचा था। घर लौटते वक्त हादसा हो गया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि कार के आसपास लोग कराह रहे थे। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और सभी को सीएचसी भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। दो घायलों को रायबरेली मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसा डीह थाना क्षेत्र में हुआ। प्रतापगढ़ के सांगीपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले विष्णु ठाकुर मिश्रा की बेटी की गुरुवार को शादी है। शादी में शामिल होने के लिए विष्णु के बेटे चंदर के दोस्त बुलंदशहर निवासी मुकेश (40), उनका बेटा दिव्यांश (20) और अलीगढ़ निवासी रामू (20) आ रहे थे तीनों लोग सुबह नौचंदी एक्सप्रेस से रायबरेली स्टेशन पहुंचे थे। वहां चंदर और उसका दोस्त अभिषेक सिंह इको-स्पोर्ट्स कार से उन्हें रिसीव करने पहुंचे। सभी लोग स्टेशन से प्रतापगढ़ के सांगीपुर के लिए रवाना हुए। टक्कर से 7 फीट की कार 5 फीट रह गई रायबरेली-प्रतापगढ़ रोड पर बिजली पावर हाउस के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, फिर पलटते हुए खाई में गिर गई। हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से डैमेज हो गया। 7 फीट की कार 5 फीट की रह गई। कार का बोनट टूटकर अलग हो गया।

## संक्षेप

### महिला का नग्न शव मिला

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट के निशान, कैंडल मार्च निकालकर खुलासे की मांग**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, शहर कोतवाली क्षेत्र के टटीरी-सूरजपुर महनवा मार्ग पर एक सप्ताह पूर्व एक महिला का नग्न अवस्था में शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला के शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए थे।इसके बाद से ही मामले के खुलासे की लगातार मांग की जा रही है। मामले की जांच के लिए पुलिस की पांच टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है और 10 से अधिक लोगों से पूछताछ की है। हालांकि, अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिल पाया है।घटना के विरोध में आज बागपत में अलग-अलग स्थानों पर कैंडल जलाकर नाराजगी जाहिर की गई।लोगों ने घटना के जल्द खुलासे की मांग की। पूरनपुर नवादा और बाछोड़ गांव सहित कई स्थानों पर लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कैंडल जलाकर महिला को श्रद्धांजलि दी। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ऐसी घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और मामले का जल्द से जल्द खुलासा हो। पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि घटना का जल्द ही सफल अनावरण किया जाएगा।

### नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी

**पीड़िता ने एसपी से कार्रवाई की मांग की**


अमन लेखनी समाचार

बागपत, जनपद में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। चांदीनगर थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर निवासी पायल धामा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सागर नामक व्यक्ति ने उनके बेटे को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे करीब चार लाख रुपये ठग लिए।पीड़िता पायल के अनुसार, आरोपी सागर ने उनके बेटे को सरकारी विभाग में नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया था। इसी बहाने उसने अलग-अलग तारीखों पर कई किस्तों में उनसे लगभग चार लाख रुपये की राशि ले ली। जब बेटे को नौकरी नहीं मिली और पायल ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी टालमटोल करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी और उसके परिजनों ने पैसे लौटाने के बजाय उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।शिकायत में यह भी कहा गया है कि 16 फरवरी 2026 को आरोपी पक्ष उनके घर पहुंचा और उनके परिवार के साथ मारपीट की, जिससे परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़िता ने बताया कि स्थानीय थाना स्तर पर शिकायत करने के बावजूद अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पायल धामा ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और ठगी गई धनराशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है। उन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की है। पुलिस प्रशासन ने बताया है कि शिकायत प्राप्त हो गई है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसपी सूरज कुमार राय ने जांच कर करावाई आश्वासन दिया

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि- ईदगाह मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई

**एएसआई जवाब दाखिल करेगी, रिपोर्ट पर सभी पक्ष बहस में शामिल होंगे**

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज , श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) अपना जवाब दाखिल करेगी।इसके बाद रिपोर्ट पर सभी पक्ष बहस में शामिल होंगे।इससे पहले 30 जनवरी को श्रीकृष्ण जन्मभूमि- ईदगाह मस्जिद प्रकरण में 3 घंटे तक सुनवाई चली थी। जस्टिस अविनाश सक्सेना की अदालत में सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए 2 हफ्ते का समय मांगा। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 20 फरवरी तय कर दी।सुनवाई के दौरान श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस के हिंदू पक्षकार एवं अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने कोर्ट को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मुकदमा संख्या तीन में अब तक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल नहीं की गई है।इस पर एएसआई की ओर से अदालत को बताया गया कि रिपोर्ट और जवाब प्रस्तुत करने के लिए उन्हें दो सप्ताह का समय जरूरी है। वहीं, मामले में लंबित प्रार्थना पत्रों को लेकर न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट में 16 फरवरी को होने वाली सुनवाई के बाद ही आगे की प्रक्रिया बढ़ाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि 16 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में प्रतिनिधि वाद से संबंधित सुनवाई प्रस्तावित है। इसके निर्णय के बाद ही हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। 10 दिसंबर को हुई सुनवाई में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह विवाद से जुड़े वाद संख्या चार के वादी ने संशोधन प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। वाद संख्या चार के वादी और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के आशुतोष ब्रह्मचारी के अनुसार संशोधन प्रार्थना पत्र में उन्होंने दावा किया है कि विवादित भूमि के रिकॉर्ड में ईदगाह का नाम तक नहीं है। और जिसे वजूखाना बताया जा रहा है, वह किसी भी प्रकार का इस्लामिक निर्माण नहीं है।मरम्मत और सफाई में नीचे से देवी देवताओं की प्राचीन प्रतिमाएं गर्भगृह के पत्थर, कमल, चक्र, शंख जैसे वैदिक चिह्न मिले हैं। कहा गया है कि मूर्तियों को जानबूझकर नीचे दबाकर रखा गया था। यह स्थल मूलतः हिन्दू देवस्थान था। साथ ही रिकॉर्ड में शाही मस्जिद ईदगाह नाम की कोई भी अधिकृत संपत्ति नहीं मिलती। नगर निगम, बिजली विभाग, जल विभाग और राजस्व रिकॉर्ड में कहीं भी शाही मस्जिद ईदगाह नाम दर्ज नहीं है। इस नाम से न बिजली कनेक्शन और न कर पंजीकरण। अतः विवादित भूमि पर खड़ा ढांचा अभिलेख विहीन और वैधानिक आधार से रहित है। कहा गया है कि वजूखाने के नीचे दबाई गई

## प्रयागराज में सड़क हादसे में 2 की मौत, 3 गंभीर

**चार बहनों में अकेला था सचिन, नीरज घर में सबसे छोटा था; दोस्त की शादी में जा रहे थे**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, अयोध्या-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर गुरुवार देर रात सड़क हादसा में दो युवकों की मौत हो गई। बाइक सवार युवक विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में युवकों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना मगनपुर के पास रात करीब 9:30 बजे की है।प्रतापगढ़ से प्रयागराज की ओर जा रही स्कॉर्पियो डिवाइडर तोड़ते हुए सड़क के दूसरी ओर जा गिरी। इस दौरान गाड़ी मोटरसाइकिल से टकरा गई।टक्कर के बाद स्कॉर्पियो भी गड्ढे में जा गिरी।हादसे में नीरज (22) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल सचिन (21) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।इसके अलावा दीपू (20), अर्जुन (23) और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### चार बहनों में अकेला भाई था मृतक सचिन

मृतक सचिन इकलौती बेटा था और चार बहनों में सबसे छोटा था। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था।दूसरा मृतक नीरज तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके पिता भागीरथी मजदूरी करते हैं, जबकि दोनों भाई सोनू और सूरज दिल्ली में रहकर काम करते हैं। नीरज स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज, सोरांव में 12वीं का छात्र था और उसकी बोर्ड परीक्षाएं चल रही थीं। नीरज और सचिन अपने दोस्त संजीव पटेल की शादी में शामिल होने के लिए मऊआइमा के शाहबाजपुर जा रहे थे।

## महिला से बोला मोबाइल लुटेरा, तेरे पति का मोबाइल गया

**सदर चाट बाजार के निकट युवक का मोबाइल लूटा, वीडियो कॉल पर चली थी बात**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , सदर बाजार इलाके में बाइकर्स गैंग के बदमाश वीडियो कॉल पर परिवार से बात कर रहे शख्स का मोबाइल लूटकर फरार हो गए।इतना ही नहीं उन्होंने कॉल कट नहीं की और फोन पर मौजूद महिला को बताया कि उसके पति का मोबाइल फोन तो गया। पीड़ित ने सदर थाने में तहरीर दी है।पहले एक नजर वारदात परमूलरूप से हरियाणा के रहने वाले सुनील कुमार सेंट्रल गवर्नमेंट कर्मचारी हैं और मेरठ की एक कैंटीन में तैनात हैं। रात वह खाना खाने के लिए कमरे से निकले। आबूलेन से सटे चाट बाजार में वह कुछ खाने के लिए रुक गए। उन्होंने फोन निकाला और वीडियो कॉल पर परिवार से बात करने लगे।इस दौरान बाइकर्स गैंग के बदमाश आए और बात करते करते ही सुनील का मोबाइल झपटकर फरार हो गए।फोन करके बताई घटना कुछ देर बाद सुनील ने परिवार से किसी अन्य के फोन से संपर्क किया। उसने बताया कि मोबाइल बदमाश छीनकर ले गए हैं। परिवार ने बताया कि मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश ने काफी देर कॉल कट नहीं की थी। कॉल कट करने से पहले उसने बताया था कि फोन छिन गया है।इसके बाद से फोन स्विच ऑफ आ रहा है।सदर थाने में सुनील ने दी तहरीर वारदात के बाद लोग इकट्ठा हो गये। उन्होंने पुलिस को भी बुला लिया। पुलिस सुनील को लेकर थाने आ गई।

यहां सुनील ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दे दी। उसने बताया कि मोबाइल की कीमत लगभग 35 हजार रुपये है।

## जेजे बोर्ड में कपसाड़ मामले की सुनवाई शुरू

**पहले दिन बोर्ड ने आरोपी के पिता से की पूछताछ, रूबी का भाई रहा मौजूद**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , कपसाड़ मामले की सुनवाई जेजे बोर्ड में शुरू हो गई। पहले दिन बोर्ड ने आरोपी के पिता के बयान दर्ज किए। करीब आधा घंटे सुनवाई चली, जिसमें वादी पक्ष से रूबी का भाई नरसी भी मौजूद रहा। 25 फरवरी अगली तारीख तय की गई है।

### पहले एक नजर कपसाड़ मामले पर

मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र में कपसाड़ गांव है। यहां 8 जनवरी को खेत पर काम कर रही युवती रूबी का अपहरण कर लिया गया। आरोप गांव के ही युवक पर लगे, जिसने विरोध करने पर युवती की मां सुनीता को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां बाद में उपचार के दौराल सुनीता की मौत हो गई। पुलिस ने अपहरण व हत्या का मुकदमा दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दस्तावेजों में आरोपी निकला नाबालिग आरोपी के जेल जाने के बाद खुलासा हुआ कि वह वारदात के वक्त नाबालिग था। तीन अधिवक्ताओं संजीव राणा, बलराम सोम व विजय शर्मा का एक पैनल सामने आया और उन्होंने कोर्ट के समक्ष आरोपी की उम्र से जुड़े साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए मामले की सुनवाई जेजे बोर्ड में किए जाने की पैरवी की।

### एक माह में मामला जेजे बोर्ड ट्रांसफर

10 जनवरी को आरोपी जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गया। 14 जनवरी को तीनों अधिवक्ताओं ने यह याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार किया और वादी पक्ष को नोटिस जारी कर दिए। 7 सुनवाई तारीखों में दोनों पक्ष ने अपनी बात रखी। प्रतिवादी पक्ष की पैरवी मजबूत रही, जिसके बाद मामला जेजे बोर्ड ट्रांसफर कर दिया गया। आरोपी के अधिवक्ता संजीव राणा ने बताया कि बुधवार से जेजे बोर्ड में मामले की सुनवाई शुरू हो गई।पहले दिन पिता के बयान दर्ज हुए हैं। अगली तिथि 25 फरवरी निर्धारित हुई है।

## छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में गठित हुई जांच टीम

**मेरठ की सीसीएसयू में रजिस्ट्रार बोले- दोनों पक्षों के बयानों के बाद होगी जांच**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ की चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की छात्रा द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में बने जिम के ट्रेनर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने के मामले में रजिस्टर द्वारा जांच टीम बना दी गई है। रजिस्ट्रार कार्यालय पर दोनों पक्षों को बुलाकर पूरा प्रकरण सुन बयान दर्ज कर लिए गए। रजिस्ट्रार डॉ अनिल कुमार यादव का कहना है कि इसी आधार पर अब जांच की जाएगी और फिर कार्रवाई होगी।

### 16 फरवरी में हुई थी शिकायत

16 फरवरी को विश्वविद्यालय से ही बीकॉम ऑनर्स कर रही है छात्र ने जिम ट्रेनर संदीप रंधावा पर आरोप लगाया था कि जिम ट्रेनर ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और अपने साथ रहने और डिनर पर चलने का दबाव बनाया ।इसके साथ-साथ छात्र ने यह भी बताया कि जिम ट्रेनर में उसको यह भी कहा था कि वह अगर उसके साथ रहती है तो वह उसके छात्र के फेस की डेंटिंग पेंटिंग भी कराएगा और उसकी भविष्य में कभी नौकरी करने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।

### दोनों पक्षों को जानना जरूरी

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉक्टर अनिल कुमार यादव ने पूरे प्रकरण पर कहा कि शिकायत मिल गई है लेकिन निष्पक्ष जांच के लिए दोनों पक्षों को सुनना बहुत जरूरी था। इसलिए आज दोनों पक्षों को रजिस्टर कार्यालय पर बुलाया गया और उनका पक्ष जानने के बाद उनके बयान लिए गए अब अन्य साक्षी जुटाए जा रहे हैं। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी

## चाय की दुकान पर लड़कियां बाल पकड़कर लड़ीं

**गाजियाबाद में टपरी पर पहले बहस हुई, नोकझोंक के बाद दोनों में सरेआम मारपीट**

अमन लेखनी समाचार



लोनी, गाजियाबाद में चाय की टपरी पर हंगामे का मामला सामने आया है।यहां दो युवतियों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।यह पूरा मामला इंदिरापुरम इलाके के साया गोल्ड सोसायटी के पास मौजूद एक चाय की दुकान के पास का है। पुलिस तक मामला नहीं पहुंचा है। विस्तार से जानिए पूरा मामला वैभव खंड इलाके में स्थित पांडे चाय वाला नाम की दुकान है।यह युवाओं के बीच लोकप्रिय है।देर रात तक यहां चाय पीने और दोस्तों के साथ बैठने वालों की भीड़ रहती है।रात कुछ युवक-युवतियां चाय की टपरी पर बैठे थे।इसी दौरान किसी बात को लेकर दो युवतियों के बीच बहस शुरू हो गई। पहले दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। देखते ही देखते मामला बढ़ गया। गाली-गलौज के बाद दोनों आपस में भिड़ गईं।एक-दूसरे का बाल पकड़कर मारपीट करने लगीं।आसपास मौजूद लोग उन्हें छुड़ाने की कोशिश करते दिखे। हालांकि दोनों लड़कियां कौन हैं, कहां की है, यह पता नहीं चल सका है।दोनों के बीच विवाद की वजह भी सामने नहीं आई है। यहां अक्सर होता है विवादरात में इस दुकान पर अक्सर युवाओं की भीड़ रहती है, जिससे कभी-कभी विवाद की स्थिति भी बन जाती है। वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा में है। एसीपी इंदिरापुरम रविंद्र गौतम ने बताया कि अभी तक कोई शिकायत नहीं हुई है। अगर शिकायत आती है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


## महिला से बोला मोबाइल लुटेरा, तेरे पति का मोबाइल गया

**सदर चाट बाजार के निकट युवक का मोबाइल लूटा, वीडियो कॉल पर चली थी बात**


अमन लेखनी समाचार




मेरठ , सदर बाजार इलाके में बाइकर्स गैंग के बदमाश वीडियो कॉल पर परिवार से बात कर रहे शख्स का मोबाइल लूटकर फरार हो गए।इतना ही नहीं उन्होंने कॉल कट नहीं की और फोन पर मौजूद महिला को बताया कि उसके पति का मोबाइल फोन तो गया। पीड़ित ने सदर थाने में तहरीर दी है।


### पहले एक नजर वारदात पर


मूलरूप से हरियाणा के रहने वाले सुनील कुमार सेंट्रल गवर्नमेंट कर्मचारी हैं और मेरठ की एक कैंटीन में तैनात हैं। रात वह खाना खाने के लिए कमरे से निकले। आबूलेन से सटे चाट बाजार में वह कुछ खाने के लिए रुक गए।उन्होंने फोन निकाला और वीडियो कॉल पर परिवार से बात करने लगे। इस दौरान बाइकर्स गैंग के बदमाश आए और बात करते करते ही सुनील का मोबाइल झपटकर फरार हो गए। फोन करके बताई घटनाकुछ देर बाद सुनील ने परिवार से किसी अन्य के फोन से संपर्क किया। उसने बताया कि मोबाइल बदमाश छीनकर ले गए हैं। परिवार ने बताया कि मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश ने काफी देर कॉल कट नहीं की थी। कॉल कट करने से पहले उसने बताया था कि फोन छिन गया है। इसके बाद से फोन स्विच ऑफ आ रहा है।


### सदर थाने में सुनील ने दी तहरीर


वारदात के बाद लोग इकट्ठा हो गये। उन्होंने पुलिस को भी बुला लिया। पुलिस सुनील को लेकर थाने आ गई। यहां सुनील ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दे दी। उसने बताया कि मोबाइल की कीमत लगभग 35 हजार रुपये है।

कुछ समय पहले ही उसने मोबाइल खरीदा था। पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।99.85 लाख की ज्वैलरी खरीदीविजय आनंद अग्रवाल ने बताया कि उस युवक ने 99.85 लाख रुपये की ज्वैलरी पसंद कर ली। पेयमेंट की बात कृष्णा से हुई तो वह बोले कि ऑनलाइन पेयमेंट नहीं कर पा रहा हूं। मेरा एक आदमी रकम लेकर पहुंच रहा है। बतौर अमानत आप वह पैसा रख लें। जैसे ही ऑनलाइन पेयमेंट हो जाएगा, वह रकम वापस मंगा लेंगे। थोड़ी देर बाद चार लोग वहां आए। बोले- कृष्णा जी ने भेजा है। दो बैग की पेयमेंट गिनवाई। उस वक्त भी कृष्णा जी से बात चल रही थी। कृष्णा जी ने कहा कि फिलहाल यह कैश रख लीजिए। एक-दो दिन में ऑन लाइन पेयमेंट भेजकर वह कैश उठा लेंगे। इसके बाद वह ज्वैलरी पैक कर उन्होंने युवक को दे दी। साथ ही एक करोड़ रुपये की शेष रकम यानि 15 हजार रुपये भी चेंज दे दिए। वह ज्वैलरी लेकर चला गया।दो कृष्णा के बीच उलझी कहानी पूरा घटनाक्रम कृष्णा नाम के व्यक्ति की कॉल के ईद गिर्द घूम रहा है।प्रवीण जिस व्यक्ति के माध्यम से यहां पहुंचे थे, उसका नाम भी कृष्णा था और वह फोन पर बात भी कर रहा था।

## ग्रेटर नोएडा में बड़ी कार्रवाई

**सुरक्षा खामियों पर दो शिक्षण संस्थानों के निर्माण स्थल सील**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा , छात्रों और श्रमिकों की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही के चलते दो प्रमुख शिक्षण संस्थानों के निर्माण स्थलों को सील कर दिया गया है। सहायक निदेशक कारखाना (नोएडा क्षेत्र) द्वारा की गई संयुक्त छापेमारी में विद्या जीवन कोचिंग सेंटर और जीएल बजाज कॉलेज के निर्माण कार्यों को सुरक्षा खामियों के कारण तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया।नॉलेज पार्क-1 स्थित विद्या जीवन कोचिंग सेंटर में निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। भवन के ऊपरी मंजिलों पर निर्माण कार्य चल रहा था, जबकि भूतल और प्रथम तल पर लगभग 1300 छात्र पढ़ाई कर रहे थे। छात्रों का आवागमन निर्माण क्षेत्र के निकट से हो रहा था, जहाँ कोई सुरक्षा बैरियर या आपातकालीन निकास की व्यवस्था नहीं थी। अधिकारियों ने इस स्थिति को 'प्राणघातक' बताया। उन्होंने कहा कि बिना उचित सुरक्षा प्रबंधन के शैक्षणिक और निर्माण कार्य का एक साथ चलना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है।इसी तरह, नॉलेज पार्क-3 स्थित जीएल बजाज कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में भी कई अनियमितताएं सामने आईं। टावर-सी के नौवें तल पर श्रमिक बिना सेफ्टी बेल्ट, फुल बॉडी हार्नेस या फॉल-अरेस्ट सिस्टम के काम कर रहे थे।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 60 करोड़ की जमीन मुक्त कराई

**अवैध निर्माण ध्वस्त कर भूमाफियाओं से कब्जा हटाया**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गांव भनौता में लगभग 30 हजार वर्ग मीटर जमीन पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।इस जमीन की अनुमानित कीमत करीब 60 करोड़ रुपये है। प्राधिकरण ने बुलडोजर चलाकर यह कार्रवाई की ध्वस्त किए गए निर्माण में 8000 वर्ग मीटर ऐसी जमीन भी शामिल है, जिसे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहले ही अधिग्रहित कर चुका था और उसका मुआवजा भी दिया जा चुका था। भूमाफिया और कॉलोनाइजर इस अधिग्रहित जमीन को भी अनधिकृत खसरा नंबर बताकर बेचने का प्रयास कर रहे थे। यह कार्रवाई ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर की गई। भूलेख और परियोजना विभाग के वर्क सर्किल दो की टीम ने प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में इस अभियान को अंजाम दिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित क्षेत्रों में बिना अनुमति या नक्शा पास कराए बिना किए गए अवैध निमार्णों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने जनता से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि वे अपनी गाढ़ी कमाई को अवैध कॉलोनियों में फंसने से बचा सकें।

## गलगोटिया विश्वविद्यालय ने माफी मांगी

**कहा अति उत्साह में प्रतिनिधि ने दी गलत जानकारी, प्रतिनिधि को प्रोडेक्ट के ओरिजन की जानकारी नही**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा , गलगोटिया यूनिवर्सिटी इंडिया अक इम्पैक्ट समिट 2026 में चाइनीज कंपनी का रोबोट डॉग प्रदर्शित करने के चलते विवादों में है। सोशल मीडिया पर मामला ट्रैंड होने के साथ अब कई और वीडियो भी सामने आने के बाद गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने एक प्रेस रीलीज जारी करते हुए माफी मांगी है।यूनिवर्सिटी ने पूरे मामले से पल्ला झाड़ते हुए अपने प्रतिनिधि पर सारा ठीकरा फोड़ दिया है। यूनिवर्सिटी ने पारदर्शिता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए इस घटना के लिए माफी भी मांगी है।साथ ही कहा कि आयोजकों की भावनाओं का आदर करते हुए हमने भारत मंडपम में मिला स्थान भी खाली कर दिया है विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. एनके गौर ने बुधवार को एक बयान में कहा कि एक संस्थान के तौर पर गलत दावा करना हमारी कोई मंशा नहीं थी। हम पूरी तरह से शैक्षणिक पारदर्शिता और जिम्मेदारी से अपने काम का प्रतिनिधित्व करते हैं।उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की एक प्रतिनिधि ने पवेलियन में गलत जानकारी थी। उसे प्रोडक्ट के तकनीकी उद्धव की जानकारी नहीं थी। अति उत्साह में उसने कैमरे के समक्ष इस तरह के दावे कर दिए

# सड़क मरम्मत में ठेकदार की घोर लापरवाही आई सामने

## मानक विहीन किया जा रहा सड़क मरम्मत का कार्य, ग्रामीणों ने उठाए सवाल

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। गरौठा तहसील अंतर्गत ग्राम बरमाईन से ग्राम ककरबई तक चल रहे सड़क मरम्मत कार्य में ठेकेदार द्वारा घोर लापरवाही बरते जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि मरम्मत के दौरान मानक विहीन निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, और बिना धूल मिट्टी हटाए नई सड़क डाली जा रही है। ग्रामीण वीरपाल, वीरेंद्र सिंह,शिवम सिंह, जोगन सिंह,कुलदीप सिंह , गंभीर सिंह, निर्भान ,शिवपाल सिंह सुबेदार ,वीर सिंह ,यश ठाकुर, जीतपाल, रोहित यादव, केहर सिंह,धर्मेंद्र सिंह डॉ.गंभीर सिंह, रंजीत सिंह,आदि ने बताया कि डामरीकरण से पूर्व सड़क की साफ-सफाई नहीं की जा रही है तथा मिट्टी और धूल के ऊपर ही गिट्टी डालकर कार्य की खानापूर्ति की जा रही है। लगभग 6 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर संबंधित ठेकेदार मनमाने तरीके से कार्य करा रहे हैं, जिससे गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए मानकों के अनुरूप सड़क मरम्मत कार्य कराए जाने की मांग की है ताकि भविष्य में आमजन को आने जाने में परेशान न उठानी पड़े।

# अंतर्जनपदीय चोर ने चोरी कर ली बाइक, पीड़ित ने ग्रामीण के सहयोग से पकड़कर चोर को सौंपा




अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र में घर के बाहर से बाइक चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय शातिर चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया और बाइक भी बरामद कर ली। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। बीते 16 फरवरी को अनौनी निवासी हरिराम राजभर के घर उमेश राजभर अपनी बाइक से गए थे। इस बीत देररात 11 बजे उनकी बाइक गायब कर दी गई। जिसके बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत की। इस बीच आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि बाइक को अनौनी निवासी मामा के घर पर रह रहे आजमगढ़ के मेहनाजपुर स्थित बरवां निवासी मंटू राजभर पुत्र मनोज राजभर ने चोरी किया है। जिसके बाद वो लोगों के साथ मंटू के मामा के घर पहुंचे तो वहां मंटू व बाइक दोनों बरामद हो गई। जिसके बाद उन्होंने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। जिसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया। एसओ ने बताया कि पकड़े गए चोर पर पहले से ही आजमगढ़ के मेहनाजपुर में एक व खानपुर में 2 मुकदमे दर्ज हैं और वो जेल जा चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि अपने घर पर रहने के दौरान वो अराजक घटनाएं करता था, इसीलिए परिजनों ने उसे सुधरने के लिए यहां भेज दिया था लेकिन यहां भी वो आदत से बाज नहीं आया।

# वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त

- –23 फरवरी से होगा पर्चा का वितरण, 24 फरवरी तक होगा पर्चा का दाखिला
- –9 मार्च को होगा मतदान, उसी दिन होगी मतगणना और विजयी पदाधिकारियों की घोषणा।

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सत्र 2025 - 2026 के चुनाव हेतु एल्डर कमेटी के अध्यक्ष श्रीनाथ सिंह एडवोकेट ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव एडवोकेट को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र का चुनाव कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। उनके सहयोग के लिए सुरेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट व राजकुमार सिंह पटेल एडवोकेट को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष श्रीनाथ सिंह एडवोकेट ने कहा कि चुनाव अधिकारी का स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी होती है। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाना, जिसमें मतदान, मतगणना और परिणामों की घोषणा शामिल है। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार यादव एडवोकेट ने कहा कि चुनाव का समय सारणी घोषित कर दिया गया है। नामांकन प्रपत्र वितरण व जमा 23 फरवरी 2026 से 24 फरवरी 2026 तक होगा। नामांकन सूची का प्रकाशन व नामांकन प्रपत्र पर आपत्ति तथा नामांकन प्रपत्र की जांच व आपत्ति का निस्तारण 25 फरवरी 2026 को होगा। वैध नामांकन सूची का प्रकाशन व नामांकन प्रपत्र वापसी व अंतिम सूची का प्रकाशन 26 फरवरी 2026 को होगा। निःशुल्क मतदाता सूची का वितरण 27 फरवरी को व टेंडर मतदान 7 मार्च 2026 को होगा। मतदान की तिथि 9 मार्च 2026 को नियत की गई है। उसी दिन मतगणना होगी तथा उसी दिन परिणाम की घोषणा होगी तथा एल्डर कमेटी द्वारा शपथ ग्रहण भी कराया जाएगा। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष श्यामबिहारी यादव एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट, महामंत्री प्रदीप कुमार सिंह मौर्य एडवोकेट, चतुर्भुज शर्मा एडवोकेट, एल्डर कमेटी के सदस्यगण मुश्ताक अली एडवोकेट, निर्मलेंद्र कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, रमेश चंद्र सिंह एडवोकेट व छोटे लाल गौतम एडवोकेट मौजूद रहे।

# शक्तिनगर की साइबर टीम द्वारा आवदेक की फ्राड हुई धनराशि कुल 10,000/- रुपये उसके मूल खाते मे कराया गया वापस

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। अवगत कराना है कि पीड़ित सुमित सोनी पुत्र स्व0 ओमप्रकाश सोनी निवासी अयप्पा मन्दिर के पास वार्ड नं0-9 भगत सिंह कालोनी सिंगरौली मध्यप्रदेश हाल पता थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा यूपीआई के माध्यम से 12,000/- रुपये की ठगी कर ली थी जिसके सम्बन्ध मे पीडित द्वारा 1930 व साइबर क्राईम पोर्टल (ट्टीइ्टीॅ.ङ्ग५.ल्ल) पर शिकायत दर्ज करायी थी पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण मे तथा थानाध्यक्ष शक्तिनगर कमल नयन दूबे के कुशल नेतृत्व मे थाना शक्तिनगर की साइबर टीम द्वारा ठउफढ पोर्टल का अवलोकन करके आवेदक की फ्राड हुई कुल धनराशि मे से 10,000/- रुपये को सम्बन्धित खाते मे होल्ड कराया गया तथा ठउफढ पोर्टल से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करके संबन्धित बैंक शाखा को जरिये ईमेल पत्राचार करके आवेदक की फ्राड खाते मे होल्ड धनराशि कुल 10,000/- रुपये उसके मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया । आवेदक द्वारा थाना शक्तिनगर की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की ।

# पर्यटन पॉलिसी की सुसंगत गाईडलाईन के अनुरूप सब्सिडी प्राप्त किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन कर पर्यटन कार्यालय को उपलब्ध कराये भरे फार्म

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। सहायक पर्यटन अधिकारी सोनभद्र राजेश कुमार भारती ने अवगत कराया है कि निवेश के पोर्टल पर आवेदन किये गये हैं और कार्य प्रारम्भ किये जाने की तिथि से कार्य पूर्ण होने की तिथि के मध्य जिस किसी सम्मानित निवेशक के कार्य पूर्ण हो गये है। वे पर्यटन पॉलिसी की सुसंगत गाईडलाईन के अनुरूप सब्सिडी प्राप्त किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने के उपरान्त सहायक पर्यटन कार्यालय, विकास भवन सोनभद्र में प्राप्त करा सकते हैं। जिससे पर्यटन पॉलिसी योजना के अन्तर्गत सब्सिडी उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही करायी जा सके।

# जनपद की समस्त देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, भांग एवं ताड़ी की फुटकर/थोक अनुज्ञापनों को 04 मार्च, 2026 को अपरान्ह 4.00 बजे तक रखा जाएगा बन्द

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। होली पर्व के अवसर पर जनपद- सोनभद्र में कानून-व्यवस्था एवं लोक शान्ति बनाये रखने के निमित्त मैं बद्री नाथ सिंह, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सोनभद्र संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 की धारा-59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्ति एवं अधिकारों का प्रयोग करते हुये जनपद-सोनभद्र की समस्त देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, माडलशाप, भांग एवं ताड़ी की फुटकर/थोक अनुज्ञापनों को 04 मार्च, 2026 को अपरान्ह 4.00 बजे तक बन्द रखने का आदेश देता हूँ। उक्त बन्दी दिवस के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल नियमानुसार देय नहीं होगा। आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

# पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया

**पुलिस अधीक्षक ने परेड में खुद एक्सरसाइज एवं शारीरिक गतिविधियों सम्बन्धी डेमो देकर पुलिसकर्मियों को फिटनेस और अनुशासन सिखाया।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल की अनुशासन, शारीरिक-मानसिक फिटनेस और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया गया।

प्रमुख कार्यवाही-संक्षेप में-

परेड की सलामी एवं दस्तों का निरीक्षण

पुलिसकर्मियों के लिए सामूहिक दौड़ एवं एक्सरसाइज

गार्द रजिस्टर पेशी एवं क्वार्टर गार्द का निरीक्षण

बलवा/ दंगा नियंत्रण की व्यावहारिक ड्रिल

पीआरवी वाहनों की तकनीकी और सुरक्षा जांच

विशेष विवरण-

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने न केवल परेड का निरीक्षण किया, बल्कि खुद एक्सरसाइज और शारीरिक गतिविधियों का डेमो देकर पुलिसकर्मियों को सही तकनीक एवं अनुशासनिक अभ्यास समझाया। निरीक्षण के दौरान वाहन, सुरक्षा उपकरण और कम्युनिकेशन सिस्टम की जांच की गई। क्वार्टर गार्द द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर का अवलोकन कर कर्मियों को सतर्कता, अूऌ५ी ढङ्मल्लॅ और जनसेवा की भावना से कार्य करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें संवेदनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा और निरंतर प्रशिक्षण में सुधार करने हेतु प्रेरित किया।

# अनपरा की साइबर टीम द्वारा ठगी गई 51,000/- की धनराशि आवेदक के मूल खाते में कराई गई वापस

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। अवगत कराना है कि आवेदक रविन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व0 बृजनाथ सिंह निवासी अनपरा बाजार थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र के साथ दिनांक 28.01.2026 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जमीन बेचने के नाम पर बयाना के रूप में 51,000/- की साइबर ठगी की गई थी। पीड़ित द्वारा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर अपराध की रोकथाम के अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक अनपरा सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में थाना अनपरा की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। साइबर टीम ने ठउफढ पोर्टल के माध्यम से प्रकरण का विश्लेषण कर 9,835.41/- की धनराशि संबंधित खातों में होल्ड कराई एवं आवश्यक साक्ष्य संकलित कर संबंधित बैंक शाखा से सतत पत्राचार एवं समन्वय स्थापित किया। तत्पश्चात प्रभावी कार्यवाही करते हुए आवेदक की ठगी गई संपूर्ण धनराशि 51,000/- उसके मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। पीड़ित द्वारा थाना अनपरा की साइबर टीम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, एवं साइबर जागरूकता अभियान सम्पन्न

**ऑपरेशन शील्ड के तहत एसिड अटैक की रोकथाम हेतु चलाया जा रहा विशेष चेकिंग अभियान**

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से किया गया जागरूक।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया गया।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति 5.0) के नेतृत्व में समस्त थाना क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

अभियान के दौरान गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के सरल उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक प्रावधानों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी तथा डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई। पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। प्रत्येक शिकायत पर त्वरित एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ऑपरेशन शील्ड के तहत जनपद के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में एसिड अटैक की रोकथाम हेतु एसिड/तेजाब विक्रय करने वाली दुकानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों को एसिड विक्रय से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा बिना वैध अभिलेख/पहचान पत्र के एसिड विक्रय न करने के निर्देश दिए गए। दुकानों के रजिस्टर, स्टॉक विवरण एवं सीसीटीवी व्यवस्था की जांच की गई। आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए भविष्य में नियमों के उल्लंघन पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर–**

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

सोनभद्र पुलिस महिला सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत ऐसे अभियान निरंतर संचालित किए जाते रहेंगे

# वृहद ऋण वितरण शिविर का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला उद्यम प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र के सभागार में वृहदऋण वितरण शिविरका आयोजन अग्रणी जिला प्रबन्धक, सोनभद्र तथा उपायुक्त उद्योग जिला उद्यम प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र के तत्वाधान में सम्पन्न हुआ है। उक्त कार्यक्रम में जनपद स्थित समस्त बैंकों द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएम सूर्यघर योजना तथा समूहों को सीसीएल, मुद्रा योजना के अन्तर्गत कुल 210 लाभार्थियों को रू0 145.74 लाखका ऋण वितरण किया गया है। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्यम प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र विनोद कुमार चैधरी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के बारे विस्तार से बताते हुए कहा कि बैंकर्स सोनभद्र जनपद में उत्कृष्ट सेवा प्रदान कर रहे हैं। बैंकर्स सरकारी योजना की पत्रावलियों को समय से निस्तारित करें एवं सीएम फेलो को भी निर्देशित किया कि बैंकों से सम्पर्क पत्रावलियों का निस्तारण करायें। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबन्धक सलन बागे ने बताया कि बैंकों द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन एवं स्वरोजगार हेतु ऋण वितरण में महती भूमिका निभाई जा रही है। सभी सम्बन्धित विभाग इसमें अपना वांछित सहयोग प्रदान करें, गुणवत्तापरक ऋण पत्रावलियों के चयन में अपना सक्रिय भूमिका निभायें। अग्रणी जिला प्रबन्धक ने कहा कि पत्रावलियों को शाखा स्तर पर अधिक दिनों तक लम्बित न रखा जाय तथा स्वीकृति एवं वितरण का विवरण पोर्टल पर अद्यतन अवश्य करें ताकि प्रगति परिलक्षित हो। उपस्थित जिला समन्वयकों ने लाभार्थियों को योजना का पूर्ण लाभ लेने, आवश्यकतानुसार ऋण लेने, ऋणों की समय से चुकौती के लिए प्रोत्साहित किया ताकि भविष्य में उन्हें बैंकों से और अधिक सहयोग एवं ऋण प्रदान किया जा सके। परियोजना अधिकारी नेडा चन्द्रशेखर ने पीएम सूर्यघर योजना के बारे में बताते हुए अधिक से अधिक लाभार्थियों को ऋण प्रदान करने हेतु कहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनाएवं अटल पेंशन योजना के बारे में भी बताया गया।

# भारत का राष्ट्रीय ध्वज, भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिरूप-जिलाधिकारी

**राष्ट्रीय ध्वज के लिए प्रेम, आदर और निष्ठा भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है–जिलाधिकारी।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज, भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिरूप है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और सबके मन में राष्ट्रीय ध्वज के लिए प्रेम, आदर और निष्ठा है, यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। भारतीय झंडा संहिता, 2002 को 30 दिसंबर,2021 के आदेशानुसार संशोधित किया गया और पॉलिएस्टर के कपड़े से बने एवं मशीन द्वारा निर्मित राष्ट्रीय ध्वज की अनुमति दी गयी। अब व्यवस्था है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते गए और हाथ से बुने हुए या मशीन द्वारा निर्मित, सूती/पॉलिएस्टर /ऊनी/सिल्क/खादी के कपड़े से बनाया गया हो। जनका का कोई भी व्यक्ति, कोई भी गैर सरकारी संगठन अथवा कोई भी शिक्षा संस्था राष्ट्रीय झंडे को सभी दिनों और अवसरों औपचारिकताओं या अन्य अवसरों पर फहरा/प्रदर्शित कर सकता है, बशर्ते राष्ट्रीय झंडे की मयार्दा और सम्मान का ध्यान रखा जाये। भारतीय झंडा संहिता, 2002 को 20 जुलाई,2022 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया एवं भारतीय झंडा संहिता के भाग द्वितीय के पैरा 2.2 की धारा (७) को धारा से प्रतिस्थापित किया गया। (७) जहां झंडे का प्रदर्शन खुले में किया जाता है या जनता के किसी व्यक्ति द्वारा घर पर प्रदर्शित किया जाता है, वहां उसे दिन एवं रात में फहराया जा सकता है,। राष्ट्रीय झंडे का आकार आयताकार होगा। यह किसी भी आकार का हो सकता है परन्तु झंडे की लम्बाई और ऊंचाई (चैड़ाई) का अनुपात 3: 2 होगा। जब कभी राष्ट्रीय झंडा फहराया जाये तो उसकी स्थिति सम्मानजनक और पृथक होनी चाहिए। फटा हुआ और मैला-कुचैला झंडा प्रदर्शित नहीं किया जाये। झंडे को किसी अन्य झंडे अथवा झंडो के साथ एक ही ध्वज-दंड से नहीं फहराया जाये। संहिता के भाग-तृतीय की धारा-क में उल्लखित गणमान्यों जैसे राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल आदि के सिवाय झंडे को किसी वाहन पर नहीं फहराया जायेगा। किसी दूसरे झंडे या पताका को राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम,1971 और भारतीय झंडा संहिता, 2002, गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# 22 फरवरी को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान दिवस घोषित- उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने–अपने नियत मतदेय स्थल पर जनता को नि:शुल्क निरीक्षण कराये जाने हेतु एकीकृत निर्वाचक नामावली के साथ समस्त फार्मों सहित 22 फरवरी, 2026 को पूर्वान्ह 10:30 बजे से 01:30 बजे तक रहेगें उपस्थित।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वागीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि दिनांक 22 फरवरी, 2026 (रविवार) को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 अभियान दिवस घोषित किया गया है। विशेष अभियान दिवस पर समस्त बी०एल०ओ० एवं सुपरवाइजर अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेगें तथा अधिक से अधिक फार्म प्रति मतदान स्थल बी०एल०ओ० एकत्रित करेगें, जिससे 18-19 आयुवर्ग के मतदाता, महिला मतदाता एवं छुटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकें। समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने नियत मतदेय स्थल पर जनता को निःशुल्क निरीक्षण कराये जाने हेतु एकीकृत निर्वाचक नामावली के साथ समस्त फार्मों सहित पूर्वान्ह 10:30 बजे से 01:30 बजे तक उपस्थित रहेंगे। सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की जाती है कि उक्त विशेष अभियान तिथियों में अपने नियत मतदेय स्थलों पर पहुंचकर मतदाता सूची का निरीक्षण करने के उपरान्त आवश्यकतानुसार मतदाता सूची में नाम बढ़ाये जाने हेतु फार्म-6 (घोषणा पत्र सहित), किसी प्रवासी निर्वाचक द्वारा निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किये जाने हेतु फार्म-6क, मतदाता सूची से नाम अपमार्जित किये जाने हेतु फार्म-7 एवं विद्यमान निर्वाचक नामावली में मतदाता के निवास का स्थानांतरण, प्रविष्टियों का सुधार, बिना सुधार के ई०पी०आई०सी० प्रतिस्थापन एवं दिव्यांगजन चिन्हांकन करने सम्बन्धी प्रविष्टियों के सुधार हेतु फार्म-8 (घोषणा पत्र सहित) में अपना आवेदन भरकर जमा कर सकते हैं।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक–**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक –**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982


E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

कहानी

प्रकाश मनु

# गुड़िया दोस्तों के साथ चली चांद के देश

बच्चो, अगर चांद तुम्हारी छत पर उतर आए और बगल में बैठकर आसमान की दुनिया के बारे में बताए, इस बीच तुम्हारे दोस्त भी आ जाएं, सबका मन आसमान की सैर करने को हो जाए, सब चांद की किरणों के खटोले पर बैठकर चल दें तो कितना मजा आएगा! ऐसा ही कुछ गुड़िया के साथ हुआ। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।



उस दिन चांदनी रात थी। गुड़िया अपने घर की छत पर बैठी थी। जोर-जोर से चंदा मामा का गीत गा रही थी, जो उसने आज ही अपनी सहेली चांदनी से सीखा था। वह बार-बार झूम- झूमकर गा उठती-

*चंदा मामा दूर के,*
*खोए पकाए भूर के,*
*आप खाएं थाली में*
*गुड़िया को दें प्याली में*
*कितने मीठे, कितने प्यारे*
*लड्डू मोतीचूर के!*



गुड़िया मजे में यह गीत गा रही थी। गाते-गाते उसने चांद की ओर देखा। चांद खिलखिलाकर हंस रहा था। तभी उसने खुद भी एक प्यारा सा गीत बना लिया और मीठे सुर में गाने लगी-

*जल्दी आओ चंदा मामा,*
*पहन के आओ नया पाजामा!*
*उजला-उजला नया पाजामा,*
*पहन के दिखलाओ जी ड्रामा,*
*जिसमें लंबे से हों लामा,*
*जिनसे डर के भागे गामा।*
*भागे गामा, हो हंगामा,*
*दिखलाओ जी ऐसा ड्रामा...!*

अभी वह इस कविता को आगे बढ़ाने के लिए अगली पंक्ति सोच ही रही थी, तभी एक जादू-मंतर सा हुआ। चारों ओर चांदी जैसा खूब घना प्रकाश फैल गया। एकाएक गुड़िया को सुनाई दिया, 'हां, गुड़िया बोलो, मुझे क्यों बुलाया है?'

गुड़िया हैरान। उसकी आंखें चकाचौंध हो रही थीं। उसने अचकचाकर सामने की ओर देखा, 'अरे लो! चंदा मामा तो सामने खड़े हैं! और सचमुच उन्होंने जगमग-जगमग करता सफेद पाजामा पहन रखा है। शुभ्र चांदनी का पाजामा!'

फिर भी गुड़िया ने अपने मन की तसल्ली के लिए पूछा, 'आप...आप चंदा मामा हैं न?'

'हां भई, कोई शक है क्या?' चंदा मामा खुलकर हंसे। फिर बोले, 'तुम लड्डू मोतीचूर के वाला गाना गा रही थीं। खाने हैं तो चलो मेरे साथ।...वहां चाहे जितने मोतीचूर के लड्डू खाना।'

गुड़िया आंखें पटपटाकर बोली, 'ओफ्फोह! चलना तो चाहती हूं, पर अभी मेरी सहेलियां और दोस्त आने वाले हैं। आज हमने कविता-कहानी सुनाने का कार्यक्रम रखा है न! इसी के लिए तो मैं गीत गाकर तैयारी कर रही थी।...और लो जी, यहां तो एक नया ही चक्कर चल पड़ा। मेरे दोस्तों को पता चलेगा तो हक्के-बक्के रह जाएंगे। बल्कि चंदा मामा, उन्हें तो यकीन ही नहीं आएगा कि आप यहां आ गए, मुझसे मिलने।'

'तो चलो, ठीक है। हम भी इंतजार कर लेते हैं तुम्हारे दोस्तों का..।' चंदा मामा ने कहा और गुड़िया के पास वहीं बैठ गए। गुड़िया को प्यारी सी कहानी सुनाने लगे- आसमान की कहानी, चांद-तारों और सूरज की कहानी।

थोड़ी ही देर में गुड़िया की सहेलियां और दोस्त भी आ गए। चंदा मामा को देखकर सब हैरान! गुड़िया ने जब चंदा मामा के बारे में बताया, तो सब उनसे हंस-हंसकर बात करने लगे। आसमान के देश के बारे में बहुत सी बातें पूछने लगे।

चंदा मामा ने कहा, 'चलो, तुम्हें दिखला ही देता हूं अपना देश। और तुम्हें जो कविता-कहानियां सुनानी हैं, उन्हें रास्ते में सुनाते चलना।'

'वाह! वाह! तब तो खूब मजा आएगा।' गुड़िया ने कहा।

'लेकिन चंदा मामा, हम जाएंगे कैसे? आपका देश तो बहुत दूर है न!' नटखट मिंकी ने पूछा।

'हां, पर मुश्किल क्या है। हम तो किरणों के उड़न-खटोले पर जाएंगे ना।' चंदा मामा बोले।

'किरणों का उड़न-खटोला!' गुड़िया और उसकी सहेलियों के मुंह अचरज से खुले रह गए, 'सच..!'

'हां!' चंदा मामा ने कहा और उनके इशारा करते ही चांदी की किरणों का चम-चम करता उड़न-खटोला आसमान से जमीन पर आ गया।

सब बच्चे धम-धम-धम करते उसमें बैठे और उड़न-खटोला चल पड़ा। रास्ते में बच्चों ने एक से एक बढ़िया कविताएं-कहानियां सुनानी शुरू कर दीं। कुछ बच्चों ने मजेदार चुटकुले भी सुनाए। हंसते-हंसते चंदा मामा लोट-पोट हो गए।

फिर उड़न-खटोला पहुंचा चांद के देश में। वहां का तो खैर कहना ही क्या था। जिस चीज को देखो, वही चांदी की तरह चम-चम, चम-चम करती हुई। चांदी के कुर्सी-मेज। चांदी का पलंग। चांदी का फर्श। चांदी के फूल, गमले और पर्दे भी।

चंदा मामा ने बच्चों को तारों से मिलवाया, आसमान के राजा सूरज से भी उनकी मुलाकात करवाई, जो बच्चों के सामने सारी तपन छोड़कर ठंडे-शीतल थे। बच्चों ने आसमान में खूब सैर-सपाटा किया। फिर चांद का उड़न-खटोला धरती की ओर चल पड़ा।

बच्चों ने घर आकर अपने-अपने मम्मी-पापा को इस बारे में बताया, तो सब हैरान रह गए। गुड़िया ने हिंदी की मैडम को बताया तो उन्होंने कहा, 'गुड़िया, इस पर एक कहानी लिखो, 'गुड़िया चली चांद के देश।' उसे मैं स्कूल की पत्रिका में छापूंगी। साथ ही किसी बढ़िया आर्टिस्ट से उसका चित्र भी बनवाएंगे।'

गुड़िया ने यह कहानी लिखी तो बच्चों ने खुशी से झूम-झूमकर पढ़ी। अब सब बच्चे यही कहते हैं, गुड़िया अबकी चंदा मामा आएं तो हमसे भी मिलवाना। खुद गुड़िया को इंतजार है- देखें, अब कब आते हैं उसके चंदा मामा? आखिर उन्हें भी तो जरूर नन्ही-मुन्नी सी प्यारी गुड़िया की याद आती होगी ना! *

नन्ही कहानी

# हार की चोरी

राजा का पुश्तैनी हार चोरी हो गया। राजा ने अपने मंत्री से सलाह की। मंत्री ने कुछ ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी ही आसानी से हार-चोर पकड़ा गया। मंत्री की क्या थी तरकीब?



एक राजा के महल से उसका पुश्तैनी हार चोरी हो गया। हार जिस जगह से चोरी हुआ था, वहां तक किसी बाहरी आदमी का पहुंच पाना असंभव था। इससे स्पष्ट था कि हार महल के अंदर रहने वालों में से ही किसी ने चुराया है। हार-चोर का पता लगाने के लिए राजा ने अपने मंत्री से सलाह की।

अगले दिन मंत्री एक पुतला लेकर आया। उसने आते ही घोषणा की, 'यह एक मंत्र सिद्ध पुतला है। महल के हर व्यक्ति को इस पुतले के मुंह में अंगुली डालनी है। जिसने हार चुराया है, पुतला उसकी अंगुली पकड़ लेगा।'

मंत्री ने वह पुतला महल के एक कक्ष में रखवा दिया, स्वयं दरवाजे के पास प्रसाद के लड्डू लेकर खड़ा हो गया। सब लोग कक्ष में जाते, पुतले के मुंह में अंगुली डालकर वापस आ जाते। मंत्री सबको हाथ में प्रसाद देकर विदा कर रहा था। इसी क्रम में जब एक दासी कमरे से निकली और जैसे ही उसने प्रसाद लेने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया, मंत्री ने उसका हाथ पकड़ लिया और राजा से कहा, 'इसी ने हार चुराया है।'

दासी ने पहले तो ना-नुकुर किया, लेकिन जब राजा ने सख्ती दिखाई तो उसने मान लिया कि हार की चोरी उसी ने की है।

राजा ने मंत्री से पूछा, 'मंत्री जी, आपने कैसे पता लगाया कि हार की चोरी इसी दासी ने की है?'

मंत्री ने बताया, 'महाराज, मैंने पुतले के मुंह में रंग लगा दिया था, जो भी उसके मुंह में अंगुली डाल रहा था, उसकी अंगुली में रंग लग रहा था। लेकिन दासी की अंगुली में कोई रंग नहीं लगा था, क्योंकि उसने पुतले के मुंह में अंगुली डाली ही नहीं। उसे डर था, पुतला उसकी अंगुली पकड़ लेगा, क्योंकि हार की चोरी उसी ने की थी।'

**सार:** चोर का मन बहुत कमजोर होता है। *

**प्रस्तुति: एफएमएन**

कविता / डॉ. मीरा सिंह 'मीरा'

# चिड़िया सच बतलाना



चिड़िया, चिड़िया, सच बतलाना,
नीड़ बनाना कैसे जाना?
चुग-चुग दाने चुनकर लाती,
क्या ना थकती, सच बतलाना?
क्या तू भी कुछ नियम तोड़ती,
क्या भरती कोई जुर्माना?
पंख सुनहरे इतने प्यारे,
कहां से पाया, यह बतलाना?
क्या जाती तू नित विद्यालय,
कौन सिखाता तुझको गाना?
जब ऊंचे नभ में उड़ती है,
कैसा लगता, सच बतलाना?

कविता / शिवचरण चौहान

# फागुन के फुर्तीले दिन

फागुन के फुर्तीले दिन,
प्यारे रंग-रंगीले दिन।
सरसों के खेतों में फूले,
खुशबू भीने पीले दिन।
धूप शहद-सी चटा रहे,
सबको खूब सजीले दिन।
कोपल-कोपल में लटके,
मोती से चमकीले दिन।
नाच रहे सब मस्ती में,
छम-छम छैल-छबीले दिन।



## हंसगुल्ले



**चिंटू:** मुझे आंख बंद करने के बाद भी दिखाई देता है।
**मिंटू:** अच्छा, क्या दिखाई देता है?
**चिंटू:** अंधेरा।

-साकेत, बिलासपुर

**नन्ही रिया (अपनी दीदी से):** दीदी, मुझे लिखना आ गया है।
**दीदी:** अच्छा! कुछ लिखकर दिखाओ तो।
रिया ने नोटबुक पर कुछ टेढ़ी-मेढ़ी लाइंस खींच दी।
**दीदी:** अरे! ये क्या लिखा है तुमने?
**रिया:** दीदी, अभी मैंने सिर्फ लिखना सीखा है, पढ़ना नहीं सीखा।


-प्रज्ञा, रायपुर

**सोनू:** तुम हमेशा अपनी जेब में नींबू लेकर क्यों चलते हो?
**मोनू:** ताकि अगर रास्ते में कोई दुश्मन मिल गया तो उसके दांत खट्टे कर सकूं।

-श्रेया, दुर्ग

## जीके क्विज-193

1. हाल में ही पड़ोसी देश बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
2. विक्टोरिया मेमोरियल किस राज्य में स्थित है?
3. चार सौ ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले टेनिस खिलाड़ी कौन बने हैं?
4. भारत में किसी राज्य की पहली महिला राज्यपाल कौन बनी थीं?
5. भारत में पहली रेलगाड़ी किस वर्ष चली थी?
6. हाल में भारत की यात्रा पर आए इमैनुअल मैक्रों किस देश के राष्ट्रपति हैं?
7. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
8. सल्फ्यूरिक अम्ल का रासायनिक सूत्र क्या होता है?
9. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
10. किस पुरस्कार को 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' कहा जाता है?



**बच्चो, जीके क्विज-193 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।**

**जीके क्विज-192 का उत्तर:** 1.इंग्लैंड, 2.जे.के. रोलिंग, 3.अश्विनी वैष्णव, 4.स्वामी विवेकानंद, 5.स्टेपीज, 6.आइजैक न्यूटन, 7.सैम मानेकशॉ, 8.मंगल, 9.सोडियम क्लोराइड, 10.हेनरी कैवेंडिस

**जीके क्विज-192 का सही उत्तर देने वाले:** अमित-सक्ती, श्रेया-दामोह, कबीर-हिसार, अनहद-बिलासपुर, अजय-फतेहाबाद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-झज्जर, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-बैकुंठपुर, सुयश-रायपुर, अर्णव-बिलासपुर, कुसुम-भिलाई, तमन्ना-कोरबा, मनीष-रोहतक, विकास-महासमुंद

नयन दिल्ली के एक होटल में रुकने आया तो उसे अपने रूम में लॉक की जगह एक कार्ड मिला, जिसको लगाने से रूम का डोर लॉक होता, ओपन होता। नयन ने पापा से जब इसके बारे में पूछा तो उन्होंने इसकी पूरी तकनीक उसे समझायी। बच्चो, तुम भी जानो।

# नयन की होटल यात्रा

नॉलेज स्टोरी

आलोक कुमार दुबे



नयन अपनी फैमिली के साथ एक शादी में शरीक होने के लिए दिल्ली आया। स्टे के लिए वह एक होटल में गया। साथ में उसके चाचा की भी फैमिली थी। रिसेप्शन पर रजिस्टर में डिटेल भरने के बाद सभी को कमरों का नंबर बताकर उन्हें वहां पहुंचाने को कहा गया। होटल का जो कर्मचारी कमरे तक सामान लेकर आया था, उसने एक प्लास्टिक के कार्ड को कमरे के डोर पर टच किया और फिर हाथ से हैंडल को घुमाकर दरवाजा खोल दिया, फिर उस कार्ड को अंदर दरवाजे के पास एक कार्ड पॉकेट में डाल दिया। तुरंत ही कमरे की बत्तियां जल गईं। उसने बताया कि जब आप बाहर जाएं तो कार्ड निकाल कर साथ में जरूर ले जाएं, नहीं तो डोर अंदर से बंद हो जाएगा, आपको परेशानी होगी। नयन यह सब बहुत ध्यान से देख-सुन रहा था।

मम्मी-पापा जब कमरे में सामान रख रहे थे, नयन ने कमरे का दरवाजा खोला और यह जांचा कि दरवाजा अंदर से खुल रहा है या नहीं? वह बाहर निकल आया और दरवाजा बंद होने पर उसे बाहर से हैंडल घुमाकर खोलने लगा, लेकिन वह नहीं खुल रहा था। दरवाजे के बाहर लगी घंटी के स्विच तक उसका हाथ नहीं पहुंच रहा था। तब-तक बगल के कमरे से निकले चाचा की नजर उस पर पड़ी, उन्होंने पूछा, 'अरे! तुम बाहर क्या कर रहे हो?' चाचा ने घंटी बजाकर दरवाजा खुलवाया और उसे समझाया, 'अपने कमरे का नंबर याद कर लो और बिना बताए बाहर न निकलना। होटल के बाहर तो बिल्कुल भी नहीं। नहीं तो शादी में आने का सारा मजा किरकिरा हो जाएगा।'

कुछ देर बाद सभी लोग नहा-धो कर जब तैयार हो गए तो एक बड़े से कमरे में सभी लोगों को नाश्ते के लिए जाना था। पापा ने कमरे से बाहर निकलने के पहले कार्ड निकाल कर जेब में डाल लिया और दरवाजा बंद कर दिया। वापस आने पर



कार्ड को दरवाजे के हैंडल के पास टच किया और हैंडल घुमा कर दरवाजा खोल लिया। जब नयन से रहा नहीं गया तो उसने पूछा, 'पापा, अपने घर पर तो हम लोग चाबी से दरवाजा खोलते और बंद करते हैं, इस होटल में चाबी की जगह इस कार्ड से दरवाजा खुलता है। यह कैसे होता है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है?'

'अरे भाई, इस होटल के दरवाजे पर आर.एफ.आई.डी. तकनीक का ताला लगा हुआ है। जब इस कार्ड को हम पास में लाते हैं तो ताले का रीडर उसे रीड कर लेता है या पहचान लेता है और हैंडल घूमने लगता है, दरवाजा खुल जाता है।' पापा ने नयन को बताया।

'तो क्या अपने कमरे के कार्ड से चाचू के कमरे को खोला जाए तो वह नहीं खुलेगा?' नयन ने दूसरा प्रश्न किया।

'नहीं, हर कार्ड पर कमरे की संख्या अंकित है। उस कमरे के ताले की रेडियो तरंग (फ्रीक्वेंसी) कार्ड से मिलान होना जरूरी है।' पापा ने जानकारी दी। 'अच्छा अगर अपना कार्ड कहीं खो जाए या हम लोग इसे लेकर घर चले जाएं तो होटल वाले क्या करेंगे?' नयन ने अगला सवाल किया।

'हां भाई, होटल वालों को अक्सर ऐसे ग्राहको से पाला पड़ता रहता है। दूसरी चाबी बनाने का खर्च और मेहनत ज्यादा पड़ती है, जबकि एक कार्ड की कीमत बहुत कम होती है। तुमको बता दूं कि यह कार्ड सिर्फ उस समय तक काम करेगा, जब तक का पैसा होटल वालों के पास जमा है, उसके बाद इस कार्ड से भी दरवाजा नहीं खुलेगा और रिसेप्शन काउंटर पर जाकर इसे फिर रिचार्ज कराना पड़ेगा।' 'लेकिन पापा जब हम लोग नाश्ता करने जा रहे थे तो होटल के वर्कर के पास एक ही कार्ड था। वह उस कार्ड से कई कमरे खोल कर उनमें पानी की बोतल आदि सामान रख रहा था, वह कैसे?' नयन ने पूछा। 'यही तो इस तरह के ताले की विशेषता है। होटल के कर्मचारी को साफ-सफाई या अन्य कार्य के लिए हर कमरे की अलग-अलग चाबी नहीं रखनी पड़ती। बस एक मास्टर कार्ड से ही सब कमरे खुल सकते हैं।' पापा ने बताया।

'पापा, मुझे इसीलिए तो आप के साथ घूमने में मजा आता है, क्योंकि नई-नई बातें जानने को मिलती हैं।' यह कहकर नयन ने हंसते हुए ताली बजाई और कमरे से बाहर निकल गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# देश के गर्व भारत रत्न

बच्चो, तुम यह तो जानते ही होगे कि अपने देश भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान का नाम भारत रत्न है। आजादी के बाद वर्ष 1954 से अब तक 53 विभूतियों को यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है। भारत रत्न देने की शुरुआत कैसे हुई? इसमें क्या प्रदान किया जाता है? और इसे प्राप्त करने वाली विभूतियों के बारे में विस्तार से पुस्तक 'देश के अनमोल रत्नः भारत रत्न' में बताया गया है। इसे प्रसिद्ध बाल साहित्यकार समीर गांगुली ने लिखा है। यहां तुम देश के पहले उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन, भौतिक वैज्ञानिक डॉक्टर सी.वी. रमन, पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, गायिका लता मंगेशकर, शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खां जैसी अनेक हस्तियों समेत विदेशी मूल की भी दो महान विभूतियों मदर टेरेसा और नेल्सन मंडेला के बारे में भी जान सकते हो। इस किताब को पढ़कर तुम जान सकोगे कि जिन हस्तियों को यह सम्मान प्रदान किया गया उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में कितना अद्वितीय योगदान देकर भारत देश का नाम पूरे विश्व में विख्यात किया। निश्चित ही इस किताब को पढ़कर तुम भी इनकी तरह अपने देश और समाज के लिए बड़े काम करने के लिए प्रेरित होगे। *




**किताब:** देश के अनमोल रत्नः भारत रत्न, **लेखक:** समीर गांगुली, **मूल्य:** 300 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## रंग भरो-196

रंग भरो-196 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आशना, जांजगीर



दिशांत, महेंद्रगढ़



मीनाक्षी, सक्ती



रेयांश, बिलासपुर



सौम्य, कोरबा



वैष्णिका, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

माही-महासमुंद, प्रियंका-रायपुर, सचिता-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, परी-हिसार, कविता-बालोद, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, प्रिया-करनाल, रचना-कोरबा

## रंग भरो 197



बच्चो, यहां अपना होम वर्क पूरा करते हुए चिंकी और मिंकी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।